# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, बुधवार 19 नवंबर 2025



ੴ ਗੁਰਪੁਰਬ ਦੇ 350 ਸਾਲ ਹਿੰਦ ਦੀ ਚਾਦਰ ਸੀ ਗੁਰੂ ਤੇਗ ਬਹਾਦਰ ਜੀ 1675 - 2025

GOVT OF PUNJAB



# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

भाई मती दास जी,
भाई सती दास जी,
भाई दयाला जी

को समर्पित



## नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)

1 श्रीनगर
2 जम्मू
3 पठानकोट
4 दसूहा
5 होशियारपुर
6 माहिलपुर
7 गढ़शंकर
8 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 गुरदासपुर
2 बटाला
3 बाबा बकाला साहिब
4 श्री अमृतसर साहिब
5 तरन तारन
6 गोइंदवाल साहिब
7 कपूरथला
8 करतारपुर
9 जालंधर
10 फ़गवाड़ा
11 बंगा
12 नवांशहर
13 बलाचौर
14 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 फ़रीदकोट
2 फ़िरोज़पुर
3 मोगा
4 जगराओं
5 लुधियाना
6 खन्ना
7 सरहिंद
8 फ़तेहगढ़ साहिब
9 मोरिंडा
10 चमकौर साहिब
11 रूपनगर
12 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1 तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो
2 बठिंडा
3 बरनाला
4 संगरूर
5 पटियाला
6 राजपुरा
7 बनूड़
8 साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9 कुराली
10 रूपनगर
11 श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

7 सर्दी शुरू होते ही बदले भगवान के श्रंगार व ...



8 वंदेमातरम शब्द हम भारतीयों के लिए एक...






सिल्वर बेल्स कान्वेंट स्कूल की छात्राए ठिठुरते हुए जाती हुईं।

## कलेक्टर के आदेश की स्कूल बस और वैन संचालक सरेआम उड़ा रहे धज्जियां

स्कूल-वैन वाले जिद पर अड़े, बोले-हमें कलेक्टर का अलग से आदेश चाहिए

# स्कूलों ने 'समय' बदला पर बस व वैन वाले पुराने वक्त पर ही आ रहे...बच्चे ठिठुरते हुए जा रहे स्कूल

*सुबह 6:30 बजे सड़क पर दौड़ी स्कूल बसें, ठिठुरते नजर आए बसों में चढ़ते बच्चे*

*अभिभावकों के पास देर रात तक नहीं पहुंची समय परिवर्तन की सूचना*



बावड़ियाकलां में सुबह 7 बजे बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लगातार बढ़ती सर्दी को देखते हुए राजधानी भोपाल सहित अधिकतर जिलों में स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है, लेकिन राजधानी में ही पहले जारी आदेश बेअसर रहा। सड़कों पर सुबह 6:30 बजे से ही स्कूल बसें दौड़ती नजर आईं। ऐसे में सुबह-सुबह सर्द हवा में ठिठुरते बच्चों के साथ परिजन स्कूल बसों का इंतजार करते सड़कों पर दिखे।

कटारा हिल्स, बागसेवनिया, होशंगाबाद रोड़, कोलार सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसें बच्चों को लेने के पूर्व से निर्धारित समय पर ही पहुंची। अभिभावकों के अनुसार, देर रात तक जानकारी नहीं मिलने के कारण सुबह वह स्कूल बस के समय को लेकर असमंजस में रहे। ऐसे में सुबह जल्दी स्टॉप पर पहुंचे। हालांकि कुछ स्कूलों ने आदेश का पालन करते हुए देर रात ही अभिभावकों को समय परिवर्तन की सूचना दे दी थी। इसके साथ ही स्कूलों में कक्षाएं 8:30 के बाद संचालित की गईं।

**बागसेवनियां क्षेत्र स्थित सिल्वर बेल्स कॉन्वेंट स्कूल**

बागसेवनिया क्षेत्र स्थित सिल्वर बेल्स कॉन्वेंट स्कूल में सुबह 7:30 बजे से बच्चे आना शुरू हो गए थे। टाइमिंग को लेकर नोटिस लगाया गया था। इसमें नर्सरी से पहली कक्षा के लिए 9 बजे से 1:35 निर्धारित किया गया है। कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए सुबह 8:15 से 1:15 और कक्षा 2 से 10वीं के लिए सुबह 8:15 से 2:35 समय निर्धारित किया गया है।

### स्कूल में करीब 9 बजे से कक्षाएं लगना शुरू हुईं



न्यू सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय में जाते बच्चे।

अमराई बागसेवनिया स्थित न्यू सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुबह 8:15 बजे से बच्चे स्कूल में पहुंचना शुरू हो गए थे, हालांकि यहां स्कूल का शैक्षणिक स्टाफ बच्चों के बाद पहुंचा। स्कूल में करीब 9 बजे से कक्षाएं शुरू हुई। यहां मौजूद अभिभावकों ने बताया कि अभी तक स्कूल के समय में बदलाव की कोई जानकारी नहीं है। सामान्यतः सुबह 8 से 8:30 तक बच्चों को स्कूल छोड़ देते हैं।

### समय परिवर्तत को लेकर स्टाफ ठीक जवाब नहीं दे सका



अमराई स्थित एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी सकूल।

अमराई बागसेवनिया स्थित एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल में सुबह 7:30 बजे से बच्चे स्कूल आना शुरू हो गए थे। वहीं सुबह करीब 8 बजे प्रार्थना भी शुरू हो गई थी। यह बच्चे कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के थे। स्कूल प्रबंधन का गेट पर मौजूदा स्टॉफ समय परिवर्तन को लेकर कोई जवाब नहीं दे पाया। जब उनसे स्कूल की बदली हुई टाइमिंग को लेकर सवाल पूछा गया तो स्कूल प्रबंधन गोलमोल जवाब देता दिखाई दिया।

### आदेश का कड़ाई से हो पालन

इधर, पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंडया ने बताया कि पहले दिन स्कूल मैनेजमेंट के रवैये में रत्तीभर नरमी नजर नहीं आई। कई अभिभावक रातभर मैसेज कर-करके थक गए, लेकिन किसी स्कूल ने देखा तक नहीं। स्कूलों की ओर से पहले से निर्धारित समय पर ही बसें बच्चों को लेने के लिए पहुंची। शासन-प्रशासन को चाहिए कि आदेश जारी करने के बाद इसका कड़ाई से पालन भी कराया जाए।

### रात तक कोई जानकारी नहीं



हमें स्कूल की तरफ से रात तक कोई जानकारी नहीं मिली थी। आज सुबह स्कूल पहुंचने पर समय के बदलाव की जानकारी मिली है। सर्दी बढ़ रही है, ऐसे में स्कूल का समय बदलना सही है।

**पूजा यादव, अभिभावक**

### रात में ही मैजेस आ गया था



हमें स्कूल की तरफ से रात में ही मैसेज आ गया था कि समय में परिवर्तन किया गया है। ऐसे में सुबह कोई परेशानी नहीं हुई। बच्चों का स्वास्थ्य बहुत जरूरी है।

**कुसुम गायकवाड़, अभिभावक**



### बर्रई रोड स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ स्कूल

कटारा हिल्स क्षेत्र के बर्रई रोड स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ स्कूल में सुबह करीब 8 बजे के बाद पहुंचना शुरू हुए। स्कूल में 8:30 बजे के बाद कक्षाएं शुरू हुईं। यहां स्कूल के स्टाफ द्वारा अभिभावकों और बच्चों को समय परिवर्तन की सूचना भी दी जा रही थी।

### कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित द संस्कृति स्कूल

कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित द संस्कृति स्कूल में सुबह करीब 7 बजे से बच्चे अभिभावकों के साथ पहुंचना शुरू हो गए थे। इन बच्चों में छोटी कक्षाओं के बच्चे भी शामिल थे। स्कूल में समय परिवर्तन को लेकर कोई नोटिस नजर नहीं आया।



### बदलाव तो हुआ है



मैं मेरे दोनो बच्चों को अलग-अलग समय पर स्कूल छोड़ने के लिए आता हूं। एक बच्चा 6वीं में है और एक पहली कक्षा में है। स्कूल के समय में बदलाव तो हुआ है। हमें भी समय पर ऑफिस निकलना होता है।

**रंजीत कुमार, अभिभावक**



### बच्चों का स्वास्थ्य जरूरी

स्कूल 9 बजे तक लगता है। हम बच्चों को 8 से 8:30 बजे तक स्कूल छोड़ देते हैं। समय में बदलाव की कोई जानकारी हमें नहीं है। इस मौसम में समय में बदलाव भी जरूरी है, ताकि बच्चे स्वस्थ्य रहें। **उत्तम कुशवाहा, अभिभावक**



### कोई जानकारी नहीं

बढ़ती सर्दी को देखते हुए स्कूल के समय में परिवर्तन जरूरी है। अभी हमें समय बदलाव को लेकर कोई जानकारी नहीं है। पहले नवंबर शुरूआत तक इसको लेकर आदेश जारी हो जाते थे। **राजेंद्र पटेल, अभिभावक**

---

शहर के रैन बसेरों का हाल, सर्दी बढ़ने के साथ रैन बसेरों में बढ़ी भीड़

# इधर, 9 रैन बसेरों की हकीकत भी देख लीजिए.... कड़ाके की सर्दी में रैन बसेरे फुल, रजाई की जगह पतले कंबल, नशे में आने वाले सोने की जगह फैला रहे गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सर्दी बढ़ने के साथ रैन बसेरों में रात गुजारने वालों की संख्या भी अचानक बढ़ गई है। आम दिनों में एक रैन बसेरे में 25 से 30 लोग बमुश्किल पहुंचते थे तो अब इनकी संख्या 200 से उपर पहुंच गई है। केयर टेकर्स ने बताया कि सर्दी के दिनों में तो रैन बसेरे कई बार फुल हो जाते हैं तो उन्हें दूसरे स्थानों पर बने रैन बसरों में शिफ्ट करना पड़ता है। वो भी स्वयं के संसाधन या फिर निगम के वाहन से। हरिभूमि की टीम ने देर रात यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क, डीआईजी बंगला और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 पर बने रैन बसेरों में जाकर हाल देखा तो कहीं नशा करके पहुंचने वालों को केयर टेकर संभालते नजर आए तो कहीं रसोई में अंधेरा मिला।

*रैन बसेरे की रसोई में अंधेरा, पीने का पानी तक नहीं, केयर टेकर की कुर्सी खाली*

*मदिरा सेवन करके पहुंचने वालों से केयर टेकर को होती है दिक्कत, इसलिए उनके लिए लॉन में ही कर रहे उनके सोने का इंतजाम*

*आसमान के नीचे रात गुजारने वालों के लिए बने रैन बसेरों का हरिभूमि की टीम ने देखा हाल*

### यादगार-ए-शाहजहांनी पार्क- रात-11.30 बजे



शाहजहांनी पार्क के रैन बसेरे में सो रहे लोग।

### 200 से ज्यादा लोग रात गुजार रहे थे, नशा करके भी पहुंचे

दो मंजिला रैन बसेरे की दोनों मंजिल पर पलंग पर रात गुजारने वाले सो रहे थे। कंबल, तकिए, पलंग, हीटर, गरम पानी, पीने के पानी का इंतजाम है। अतिरिक्त कंबल, तकिए व अन्य जरूरी संसाधन मुहैया हैं। अधिकांश लोग सो रहे थे। इसी बीच यहां मौजूद केयर टेकर आरिफ खान नशा करके पहुंचने वालों से परेशान दिखे। उन्होंने बताया कि ऐसे लोग परिसर के अंदर गंदगी करते हैं और गाली-गलौच भी। इससे दूसरे लोगों को दिक्कत होती है। इसलिए इनके लिए लॉन में सोने की व्यवस्था की है, लेकिन देर रात इन्हें भी पलंग मुहैया करवाते हैं। यहां रात में 200 से ज्यादा लोग आराम कर रहे थे।

### सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं

महापौर मालती राय का कहना है कि उन्होंने स्वयं रैन बसेरे का औचक निरीक्षण किया है। यहां रात गुजारने वालों के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं। जहां कमियां हैं उन्हें तुरंत दूर करवाया जाएगा। कंबल, तकिए, गददे, हीटर की संख्या बढ़ाई जाएगी।

### नीचे रसोई में अंधेरा, दूसरी पर लोग आराम करते दिखे



रेलवे स्टेशन के रैन बसेरे में पतले कंबल में सो रहे लोग।



रैन बसेरे में खिड़की के टूटे कांच।

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6- रात 11.45 बजे

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6 के बाहर बने रैन बसेरे में 150 से ज्यादा लोगों के ठहरने की क्षमता है। यहां महिला और पुरुष के लिए अलग-अलग इंतजाम हैं। रात में यहां 31 पुरुष और 16 महिलाएं आराम कर रही थीं। हीटर जल रहे थे। काफी संख्या में पलंग खाली थे। यहां की रसोई में अंधेरा था जो कभी शुरू ही नहीं हुई। यानि यहां 5 रुपए में लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं है। यही नहीं, केयर टेकर गंगाराम ने बताया कि एक साल से पीने के पानी का इंतजाम नहीं है। यहां ठहरने वाले लोग होटल या रेलवे स्टेशन से पीने का पानी लाते हैं। यह रैन बसेरा अक्सर सर्दी के दिनों में फुल हो जाता है तो रसोई के लिए बने हाल में लोगों के ठहरने के लिए इंतजाम किया जाता है।



डीआईजी बंगला चौराहं का रैन बसेरा, रात-12.00 बजे

### तैयारी पूरी, लेकिन केयर टेकर की कुर्सी खाली

डीआईजी बंगला चौराहे पर रैन बसेरे में पलंग खाली थे, लेकिन यहां आने वाले लोगों के लिए तैयारी पूरी थी। यहां केवल तीन लोग नजर आए। अन्य पलंग खाली थे। केयर टेकर की कुर्सी खाली मिली।



डीआईजी रैन बसेरे में केयर टेकर की खाली कुर्सियां।



डीआईजी बंगला चौराहं का रैन बसेरे का महिला विभाग।

## ठहरने वालों ने हरिभूमि को बताया कि क्यों वे यहां आए...

### सीहोर से काम की तलाश में आए हैं

सीहोर से भोपाल में काम की तलाश में आए कमलेश ने बताया कि उन्हें आज



भोपाल में काम नहीं मिला। वे मजदूरी का काम करते हैं। रात ज्यादा हो गई तो रैन बसेरे में आ गए। सुबह यहां से चले जाएंगे। अगर काम मिल गया तो रात में रुकेंगे। उन्होंने बताया कि रैन बसेरे में कोई दिक्कत नहीं है। सभी सुविधाएं हैं।

### औबेदुल्लागंज जाना है, रात ज्यादा हो गई, इसलिए रुके

उत्तर प्रदेश से आए राजेश ने



बताया कि उन्हें अपनी बहन के घर औबेदुल्लागंज जाना है। रात में ठंड ज्यादा हो गई। इसलिए रैन बसेरे में आ गए। सुबह होते ही वे यहां से चले जाएंगे।

### ट्रेन छूट गई, इसलिए रात गुजारने आए हैं

सागर से किसी काम से आए गोलू ने बताया कि उनकी



ट्रेन छूट गई। सागर जाना है। ठंड बहुत ज्यादा है। सुबह होने पर वे सागर चले जाएंगे। तब तक रैन बसेरे में ही रात काटेंगे।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# भोपाल में एसआईआर का पंद्रह दिन में चार प्रतिशत ही काम, 16 दिन में करना पड़ेगा 96 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) का काम लगातार पिछड़ता जा रहा है। पंद्रह दिन गुजरने के बाद भी जमीनी स्तर पर काम का प्रतिशत चार से आगे नहीं बढ़ सका है। ऐसे में आगामी 16 दिनों में में बीएलओ को 96 फीसदी काम निपटाना पड़ेगा। इतने कम समय में काम कैसे निपटेगा यह बात अब जिला निर्वाचन कार्यालय के अफसर समझ नहीं पा रहे हैं।

अफसर बीएलओ से बोल रहे हैं कि रोजाना दस फीसद काम निपटाओ, लेकिन मौके पर बीएलओ को मतदाता गणना पत्रक भरकर ही नहीं दे रहे। ऐसे में चार दिसंबर तक गणना पत्रकों की वापसी और उनके बीएलओ एप पर डिजिटाइज होना मुमकिन नहीं लग रहा। एसआईआर के काम की हालात यह है कि जिले के 2029 बीएलओ में से 31 बीएलओ ने अब तक बीएलओ एप पर काम ही शुरु नहीं किया है।

**खास बातें**

- 31 बीएलओ ने अब तक एप पर शुरु नहीं किया काम
- गणना पत्रक वापसी और डिजिटाजेशन में आ रही दिक्कत
- बीएलओ एप में मैपिंग करने को लेकर बीएलओ हो रहे परेशान

### उत्तर, नरेला और दक्षिण-पश्चिम में काम पिछड़ा



करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीएलओ एसआईआर का काम करते हुए।

बीएलओ गणना पत्रक वापस ले रहे हैं, वह इन्हें बीएलओ एप पर डिजिटाइज नहीं कर रहे हैं। राजधानी की उत्तर विस में सबसे कम 1.48 उत्तर, दक्षिण पश्चिम 1.70 और नरेला में 1.75 रफीसद काम किया गया है। तीन विस क्षेत्रों में नियमित मॉनीटरिंग नहीं होने से यह हालात बने हैं। जबकि जिले की सातों में विस में ऑल ओवर 4.18 अफसरों का दावा है कि बैरसिया, नरेला, उत्तर, मध्य, दक्षिण पश्चिम, गोविंदपुरा और हुजूर विधानसभा के सभी मतदाताओं को गणना पत्रक बांट दिए गए हैं। लेकिन उनकी वापसी को लेकर दिक्कत आ रही है। इधर जो प्रतिशत ही काम किया गया है। वर्तमान में सबसे ज्यादा 15 फीसद काम बैरसिया और पांच फीसद हुजूर में हुआ है। काम की रफ्तार को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विस क्षेत्रों की रोजाना मॉनीटरिंग शुरु कर दी है।

### नरेला के एक घर में 108 वोटर्स, चार मिले, 104 गायब

नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित रतन कॉलोनी के 800 वर्गफीट के एक मकान में 108 मतदाताओं के नाम सामने आए हैं। इस क्षेत्र की बीएलओ धनिशा कुशवाहा जब मौके पर पहुंचीं, तो यहां फूलबाई साहू अपने परिवार के तीन लोगों के साथ रहती मिलीं, जबकि 104 लोग गायब थे। इस मकान नंबर पर अलग अलग मतदाताओं के वोटर कार्ड बनाए गए थे। अब इन मतदाताओं को अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा।

### एक फार्म बांट रहे बीएलओ

मतदाताओं को दो गणना पत्रक बांटने के निर्देश के बावजूद बीएलओ नहीं मान रहे हैं। हालात यह हैं कि नरेला क्षेत्र के सबसे ज्यादा बीएलओ एक गणना पत्रक ही मतदाताओं को बांट रहे हैं। उनसे कहा जा रहा है कि इसकी फोटो कॉपी करा ली जाए। मंगलवार को नरेला के बूथ नंबर 15 की बीएलओ अंजू मंडराई भी मतदाताओं को एक पत्रक बांटती हुई मिलीं। इधर समय अधिक गुजरने की वजह से अफसरों का दवाब भी बीएलओ पर बढ़ता जा रहा है। बीएलओ से कहा गया है कि वह रोजाना सौ से अधिक गणना पत्रकों को डिजिटाइज करें।

**एसआईआर भोपाल सॉफ्टवेयर होगा लांच**


उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि एसआइआर प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एसआईआर भोपाल नाम से साफ्टवेयर लांच किया जाएगा। यह साफ्टवेयर बुधवार से शुरू हो जाएगा, जिसकी मदद से लोग अपने नाम 2003 की मतदाता सूची में आसानी से खोज सकेंगे।

### एसआईआरः कांग्रेस ने 9600 नेताओं को बूथ लेवल एजेंट का कार्य सौंपा

एमपी सहित 12 राज्यों में शुरू हुए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में बैठक हुई। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शामिल हुए। बैठक में एमपी एसआईआर के प्रभारी सज्जन वर्मा को भी शामिल होना था, लेकिन वे कमलनाथ के जन्मदिन के कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण नहीं जा सके। बैठक के लिए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी एमपी का डेटा लेकर पहुंचे। पटवारी ने बताया कि एसआईआर को लेकर ब्लॉक स्तर पर प्रभारी बनाए गए हैं। एमपी में 9600 ऐसे नेताओं को एसआईआर के लिए बूथ लेवल एजेंट बनाया गया है, जो लोकसभा, विधानसभा से लेकर पार्षद तक का चुनाव लड़ चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

### 21 को पूर्व उप राष्ट्रपति धनखड़ आएंगे भोपाल



**भोपाल।** पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 नवंबर को भोपाल आएंगे। पद छोड़ने के बाद धनखड़ का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। जिसमें वे संबोधन देंगे। रवीन्द्र भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह मनमोहन वैद्य की किताब हम और यह विश्व का विमोचन होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ संबोधन देंगे।

### संविदा कर्मियों का घंटी बजाओ आंदोलन कल

**भोपाल।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विसंगति पूर्ण बनाई संविदा नीति में संशोधन किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के संविदा कर्मचारी 20 नवंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर घंटी, थाली, चम्मच, लोटा बजाकर प्रदर्शन करेंगे। मप्र संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर ने बताया कि संविदा नीति से संविदा कर्मचारियों को फायदे के जगह नुकसान हो रहा है। 20 नवंबर को पूरे प्रदेश में घंटी बजाई जाएगी और अधिकारियों को जगाया जाएगा। नीति में संशोधन की मांग की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बैठक में दिए निर्देश

# यात्रियों के लिए एप पर हों बस बुकिंग की सुविधा किराया भुगतान की ऑनलाइन बनाएं व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित करने में सामान्य यात्री की सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। यात्री बसों के आवागमन का प्रबंधन अद्यतन तकनीक का उपयोग कर किया जाए। सामान्यजन की सुविधा के लिए व्हीकल लोकेशन, बस के आवागमन की सूचना और किराए संकलन की सुविधा एप पर उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहाक िनगर निगमों द्वारा संचालित बसों, भारत सरकार द्वारा मिलने वाली ई-बसों को भी एक ही व्यवस्था के अंतर्गत सम्मिलित किया जाए। साथ ही नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बस व्यवस्था को युक्तियुक्त तरीके से एकीकृत करते हुए नगरीय क्षेत्रों से जुड़े ग्रामीण इलाकों तक आवागमन को सुविधाजनक बनाया जाए। प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बस संचालक जिन रूट्स के परमिट दिए गए हैं, वाहन उन ही रूट्स पर ही चलाए जाएं, ऐसा न करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। पर्यावरण संरक्षण के लिए यात्री परिवहन में लगी 15 साल या उससे पुरानी बसों को ऑफ रूट किया जाए। अन्य राज्यों में संचालित यात्री बस सेवा व्यवस्था का अध्ययन कर उनकी बेस्ट प्रैक्टिसेस को प्रदेश में अपनाने के लिए भी पहल करें। डॉ. यादव ने यात्री परिवहन कंपनी का लोगो डिजाइन करने के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए।

**खास बातें**

- प्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित करने में सामान्य यात्रियों की सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए : सीएम
- प्रतियोगिता से विकसित करें यात्री परिवहन का लोगो
- अन्य राज्यों की यात्री बस सेवा की बेस्ट प्रैक्टिसेस को भी अपनाया जाए



करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बीएलओ एसआईआर का काम करते हुए।

### ओला और उबर से भी सरकार लेगी मदद

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था का संचालन उबर, ओला के समान बस ऑपरेटरों और मोटर मालिकों के साथ सहभागी आधार पर किया जाएगा। व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है। यह प्लेटफार्म देश का प्रथम इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर है, जिसमें व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग, ऑटोमेटिक किराया संकलन, अलार्ट मॉड्यूल, शिकायत निवारण जैसे 18 मॉड्यूल शामिल है।

### इंदौर और उसके बाद उज्जैन से आरंभ होगी सेवा

यात्री परिवहन बसों का संचालन इंदौर, उज्जैन, सागर और जबलपुर क्षेत्र में किया जाएगा। सर्वप्रथम यह व्यवस्था इंदौर और उसके बाद उज्जैन से आरंभ होगी। इससे संबंधित सर्वेक्षण, रूट प्लानिंग, निजी ऑपरेटरों के साथ परामर्श जारी है। इंदौर क्षेत्र के अंतर्गत धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा और बड़वानी शामिल होंगे। उज्जैन क्षेत्र में देवास, आगर-मालवा, मंदसौर, नीमच, शाजापुर और रतलाम को शामिल किया गया है।

### ऐसे होगा बसों का 50 किमी के दायरे में संचालन

बैठक में बताया गया कि प्रथम चरण में इंदौर शहर से 50 कि.मी. परिधि में आने वाले समस्त शहरी और अंतर शहरी रूट पर बसें संचालित होंगी। द्वितीय चरण में इंदौर संभाग के समस्त जिलों तक सुविधा का विस्तार किया जाएगा। द्वितीय चरण में ही उज्जैन और भोपाल शहर से 50 कि.मी. परिधि में आने वाले समस्त शहरी और अंतर शहरी रूट्स पर बसों का संचालन आरंभ होगा। तीसरे चरण में उज्जैन संभाग के सभी जिलों को शामिल किया जाएगा। चौथे चरण में सागर और जबलपुर संभाग के समस्त जिले, पांचवे चरण में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के समस्त जिले, छठवे चरण में रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिले तथा सातवें चरण में ग्वालियर और चंबल संभाग के सभी जिलों तक यात्री परिवहन सेवा का विस्तार किया जाएगा।

### केंद्रीय गृह मंत्री शाह को सीएम ने भेंट की कलाकृति



**भोपाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास स्थान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट कर पिपरिया के काष्ठ कलाकार द्वारा निर्मित कलाकृति भेंट की।

## पर्यटन को उद्योग को दर्जा दिलाने पहल करें, प्रदेश में हेल्थ वेलनेस टूरिज्म को करें प्रोत्साहित : सीएम



मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संचालन की बैठक हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाए। इससे नवाचार के इच्छुक व्यक्तियों तथा उद्यमियों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे प्रदेश के विभिन्न अंचलों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन और सुविधाओं के विस्तार में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने की पर्याप्त संभावनाएं हैं। अतः पर्यटन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा आयुष विभाग के साथ मिलकर परस्पर समन्वय से गतिविधियां संचालित करें।

जिन राज्यों में ऐसी गतिविधियां संचालित हैं, उनका अध्ययन कर प्रदेश में संभागवार कार्ययोजना बनाई जाए। वेलनेस टूरिज्म को प्रोत्साहित करने में धार्मिक संस्थाओं और ट्रस्टों का भी सहयोग लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के इतिहास और संस्कृति पर केंद्रित तथा उनसे संबंधित फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर संचालित वन्य जीवों और समृद्ध वनों और जैव संपदा के प्रस्तुतिकरण के लिए भी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म मंडल के संचालक मंडल की मंत्रालय में हुई 8वीं बैठक में यह निर्देश दिए।

बैठक में पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा के अंतर्गत इंदौर-उज्जैन-ओंकारेश्वर सेक्टर, भोपाल-मढ़ई-पचमढ़ी सेक्टर और जबलपुर-बांधवागढ़-कान्हा सेक्टर में सेवा संचालन के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही सिंहस्थ-2028 के लिए जारी गतिविधियों, ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन करने के लिए संचालित योजनाओं, साहसिक पर्यटन, जल पर्यटन गतिविधियों, पर्यटन क्षेत्र में निवेश संवर्धन और मध्यप्रदेश पर्यटन के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार के संबंध में भी पर चर्चा हुई।

## फिजियोथैरेपिस्ट की समस्या को हल करने सांसद शर्मा ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में फिजियोथैरेपिस्ट की समस्याओं का समाधान करने खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखा है। भौतिक चिकित्सक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुनील पाण्डेय के नेतृत्व में फिजियोथैरेपिस्टों ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात कर समस्याएं बताई थी। इसके बाद ही सांसद ने फिजियोथैरेपिस्ट की समस्या का समाधान करने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को पत्र लिखकर मांग का समाधान करने का आग्रह किया है। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि सांसद ने पत्र में उल्लेख किया है कि फिजियोथैरेपी स्वतंत्र चिकित्सा पद्धति है, जो बिना दवा उपचार के रूप में एक प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम है। जो भारत के पेशेवरों, विशेषकर भौतिक चिकित्सकों के हित में ऐतिहासिक कदम है। चूंकि यह अधिनियम अभी तक मप्र में पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है, जिससे इस चिकित्सा विद्या से फिजियोथैरेपिस्ट अपने को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यदि यह अधिनियम मप्र में पूर्ण लागू होगा तो फिजियोथैरेपिस्टों को उनका वैधानिक अधिकार प्राप्त होगा। जिससे ये नाम के आगे डॉक्टर उपसर्ग तथा नाम के बाद पीटी प्रत्यय लगाने के स्पष्ट प्रावधानों का प्रयोग कर सकेंगे।

आयुष मंत्री परमार ने विधायक सबनानी, महापौर राय के साथ किया भूमिपूजन

संस्कार ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## पं. खुशीलाल आयुर्वेद महाविद्यालय में बनेगा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा।

मंगलवार को आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने विधायक भगवासदास सबनानी, महापौर मालती राय की मौजूदगी में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु पीजी संस्कार ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान के सर्वांगीण विकास, विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण तथा आयुर्वेद शिक्षा की उन्नत दिशा को दशार्ता है। आयुर्वेद की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा को ध्यान में रखते हुए उन्हें औषध सूत्र बंधन की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विधि से आयुर्वेदिक चिकित्सा के आदर्शों, नैतिक मूल्यों और व्यावसायिक उत्तरदायित्वों का संस्कार प्रदान किया गया। यह संस्कार विद्यार्थियों को आयुर्वेद की समग्र दार्शनिकता, चिकित्सकीय अनुशासन और मानवीय संवेदना से जोड़ने का प्रतीक है। परमार द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को चरक शपथ दिलवाई गई।



भूमिपूजन करते मंत्री परमार, विधायक सबनानी व महापौर राय।

### विद्यार्थियों के व्यक्तिगत विकास के लिए होगा लाभकारी

महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण विद्यार्थियों के शारीरिक स्वास्थ्य, खेल-कूद गतिविधियों तथा समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं पीजी संस्कार ओरिएंटेशन का उद्देश्य आयुर्वेदिक शिक्षा में मूल्यों पर आधारित नेतृत्व, संवेदनशीलता और पेशेवर उत्कृष्टता का विकास करना है।

## पशु चिकित्सा अधिकारी बोले-7 दिन में निर्देश निरस्त नहीं किया तो होगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिन में 20-20 कृत्रिम गभार्धान करने के बेतुके फरमान के निरस्त नहीं होने से नाराज पशु चिकित्सा अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सात में कृत्रिम गभार्धान का फरमान निरस्त नहीं किया तो प्रदेश भर पशु चिकित्सा अधिकारी राजधानी भोपाल में काम बंद हड़ताल कर प्रदर्शन करेंगे।

मप्र पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष बीएस वर्मा ने बताया कि पुश चकित्सा विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों को एक दिन में 20-20 कृत्रिम गभार्धान का लक्ष्य दिया गया है। जो सही नहीं है। यदि यह मान भी लिया जाएं की किसी संस्था क्षेत्र में जिसकी सीमाए 10 से 20 किलोमीटर तक है। इसमें 20 मादा पशु ऋतुकाल पर हो, कृत्रिम गभार्धान कार्य हेतु एक पशु में औसत समय एक घंटा खर्च होना है। वर्मा ने कहा कि यह कैसे संभव है कि 20 पशुओं में प्रतिदिन कृत्रिम गर्भाधान कर सके। विभाग द्वारा आदेशित ई-अटेंडेंस (सार्थक) के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कर अपने संस्था पर सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक उपस्थित रहकर विभाग द्वारा निर्धारित दायित्व जैसे उपचार, औषधी वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण सहित हितग्राही मूलक योजनाओं का कियान्वयन करना पड़ता है।। वर्मा ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारियों ने गत 17 नवंबर को अपनी समस्याओं का ज्ञापन मुख्यमंत्री और कलेक्टर को भी सौंपा था। अब सात दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पशु चिकित्सा अधिकारी काम बंद हड़ता कर प्रदर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आसियान देशों के मिशन प्रमुखों ने की सौजन्य भेंट

# सीएम बोले- भारत और आसियान देशों का साझेदारी संबंध आपसी विश्वास और साझा प्रगति का प्रतीक, आर्थिक-सांस्कृतिक, पर्यटन और निवेश में सहयोग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आसियान भारत का अत्यंत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक और सांस्कृतिक साझेदार रहा है।

सदियों से व्यापार, समुद्री संपर्क, आध्यात्मिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक समानताएं इस प्रगाढ़ संबंध को और भी समृद्ध बनाती रही हैं। जिससे भारत-आसियान सहयोग व्यापार, कनेक्टिविटी, डिजिटल साझेदारी, क्षमता-निर्माण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में और भी मजबूत हुआ है। जिससे आसियान देशों के साथ साझेदारी के नए-नए अवसर सामने आए हैं। भारत और आसियान देशों का यह संबंध आज पारस्परिक विश्वास और साझा प्रगति का प्रतीक बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के राजदूतों के दल को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आसियान देशों के मिशन प्रमुखों के आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। यह दल तीन दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आया हुआ है।

### उच्च स्तरीय दल में इन देशों के राजदूत रहे शामिल



इस उच्च स्तरीय दल में भारत में मलेशिया के उच्चायुक्त मलेशिया, दातो मुजफ्फर शाह मुस्तफा, वियतनाम के राजदूत महामहिम गुयेन थान्ह हाई, फिलीपींस के राजदूत जोसेल एफ. इग्नासियो, भारत और श्रीलंका में कंबोडिया की राजदूत रथ मनी, तिमोर-लेस्ते के राजदूत कार्लितो नुनेस, थाईलैंड की राजदूत छवनार्ट थांगसुमफंट, भारत और भूटान में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति, ब्रुनेई के द्वितीय सचिव पेंगिरन मोहम्मद शफी अलवाली बिन पेंगिरन अबू बकर वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सहयोग, विश्वास आगे बढ़ने का माध्यमः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आसियान देशों के राजदूतों (मिशन प्रमुखों) को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आप सब तीन दिवसीय यात्रा पर मध्यप्रदेश में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची की यात्रा हमारी बौद्ध विरासत की गहराई से जोड़ेगी, वहीं जनजातीय संग्रहालय आपको सबसे बड़ी जनजातीय आबादी की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराएगा।

### निवेश के साथ साधेदारी भी करेंगे देशः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और आसियान संबंधों के सुदृढ़ीकरण और प्रदेश के वैश्विक संवाद विस्तार की दृष्टि से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत तथा मध्यप्रदेश और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक निवेश तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित नवाचारों के क्षेत्र में व्यापक सहयोग एवं साझेदारी की मंशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आसियान देशों के साथ साझेदारी से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलेगी।

## पेज एक का शेष....

### सीएम डॉ.यादव बोले-...

आर्यभट्ट, कोई होमी भाभा, कोई विक्रम साराभाई और कोई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम। उन्होंने यह भी कहा कि मंगल मिशन असफल होने पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से वैज्ञानिकों का उत्साह बढ़ाते हैं, वह वैज्ञानिक सोच के सम्मान का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान, तकनीक और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे विश्व में योग का प्रभाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से संभव हो पाया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि साइबेरिया की बर्फीली पहाड़ियों पर जब लोग योग करते दिखते हैं, तो भारतीय संस्कृति की महिमा का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि विज्ञान की गति को आगे बढ़ाने के लिए 6 गुण आवश्यक हैं- विद्या, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और क्रियाशीलता। उन्होंने कहा कि इन गुणों को अपनाकर देश और दुनिया के लिए नए वैज्ञानिक आयाम स्थापित किए जा सक।

### राजगढ़ में सबसे ....

वेव का सिलसिला अभी जारी है। कुछ जिलों में न्यूनतम पारा बढ़ने के साथ कुछ जिलों में कमी भी आई है। दतिया, धार, शिवपुरी और सीधी आदि जिलों में एक डिग्री तक कम हुआ है। प्रदेश में सबसे कम पारा राजगढ़ दशमलव 8 डिग्री बढ़कर 5.8 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 7.3 डिग्री कम है। छह जिले अब भी 8 डिग्री के नीचे रहे हैं।

### अब कुछ राहत....

कोल्ड वेव और कोल्ड वेव का असर अभी बना रहेगा। बुधवार को राजगढ़, इंदौर, शाजापुर में सीवियर और भोपाल सहित डेढ़ दर्जन जिलों में शीतलहर का असर रहने की उम्मीद है।

### वात्सल्य योजना से...

प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा। योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्त माता के बच्चे, अनाथ एवं विस्तारित परिवार के साथ निवासरत बच्चे, असाध्य बीमारी से पीड़ित माता-पिता के बच्चे, बच्चे की शारीरिक और आर्थिक रूप से देखभाल करने में असमर्थ माता पिता के बच्चे, किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार देख-रेख और (बेघर, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित, बाल श्रमिक, बाल वेश्यावृति के शिकार, एड्स पीड़ित, बाल भिक्षुक, सड़क पर रहने वाले, घर से भागे, निर्योग्यत वाले, लापता, शोषण और दुर्व्यवहार के शिकार श्रेणी के बच्चे) लाभान्वित होंगे। मिशन वात्सल्य योजना क्रियान्वयन के लिए कुल 1,022 करोड़ 40 लाख रुपए का व्यय होगा। इसमें राज्यांश 408 करोड़ 96 लाख रुपए और केंद्रांश 613 करोड़ 44 लाख रुपए होगा। इससे प्रदेश के 33 हजार 346 बच्चे लाभान्वित होंगे।

**सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति**: प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में सिंचाई के लिये सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति प्रदान की गई है। संशोधन अनुसार कृषकों को स्वीकृत सोलर पंप स्थापना क्षमता से एक क्षमता अधिक तक का विकल्प प्रदाय किया जाएगा। अब 3 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 5 एचपी और 5 एचपी के अस्थाई विद्युत कनेक्शनधारियों को 7.5 एचपी का सोलर पंप प्रदाय करने का विकल्प दिया जाएगा।

### मध्यप्रदेश विज्ञान एवं...

कार्यरत हैं, के लिए उत्कृष्ट वैज्ञानिकों की आवश्यकता बनी रहती है। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में वैज्ञानिक संवर्ग के कैडर का उन्नयन किया जाएगा।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी....

यूनिवर्सिटी का छात्र था। साथ ही फरीदाबाद टेरर मॉड्यूल में भी पकड़े गए कई आतंकी इस विवि से जुड़े थे। दिल्ली ब्लास्ट मामले की जांच आगे बढ़ने पर विवि की जांच में दायरे में आया था, जिसके बाद विवि की फंडिंग की भी जांच हुई थी। अब ईडी ने विवि के संस्थापक जावेद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने जावेद को मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर मामले में गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई उस विस्तृत जांच के बाद की गई जिसमें ईडी ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े ठिकानों पर छापेमारी कर कई अहम सबूत जुटाए। बता दें विवि से जुड़े 25 ट्रस्टियों के ठिकानों पर मंगलवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीमों ने छापेमारी की।

### घर से 48 लाख....

कई डिजिटल डिवाइस और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए। दस्तावेज और जब्त की गई राशि साफ बताते हैं कि फंड कैसे गलत तरीकों से ट्रांसफर और इस्तेमाल किए गए। आने वाले दिनों में और भी खुलासे हो सकते हैं।

### जनभावनाओं के...

लोक योजना में ब्रह्मपुरी क्षेत्र से बड़ी संख्या में विस्थापन होना था। वहां के रहवासी अपनी जगह नहीं छोड़कर योजना को अन्य दूसरी जगह बनाने की मांग कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा सोमवार से शुरू किए गए ओंकारेश्वर नगर बंद का व्यापक असर देखने को मिला। मंगलवार को भी नगर बंद रहा।

### 20 नवंबर को ....

सफाई और सौंदर्यीकरण का काम भी किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का जायजा लेने नीतीश कुमार गांधी मैदान पहुंचे। पटना जिला प्रशासन ने गांधी मैदान को आम लोगों के लिए बंद करने का आदेश जारी किया है। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी के साथ-साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

### नेशनल शूटर से ....

गए। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि ड्राइवर-कंडक्टर नशे में थे। मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रविवार का है। 30 वर्षीय नेशनल खिलाड़ी शूटिंग कंपटीशन के लिए इंदौर आई थी। वह रविवार रात वर्मा ट्रैवल्स की बस से पुणे लौट रही थी। महिला खिलाड़ी ने थाने में आवेदन दिया है। पुलिस ने कहा है कि जांच के बाद मामले में एफआईआर की जाएगी।

### 'सर' का विरोध...

बायकॉट का ऐलान किया है। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने केरल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि एसआईआर और स्थानीय निकाय चुनावों को साथ-साथ नहीं कराया जा सकता।

### बालाघाट के ....

गई। चारों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। यह गिरफ्तारी उन तथ्यों के सामने आने के बाद हुई है, जो जांच के दौरान उजागर हुए थे। इस मामले में पहले ही सिवनी एसडीओपी रहीं पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मी जेल में हैं। पूजा पांडे को रीवा जेल में रखा गया है, जबकि 10 अन्य पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर जेल भेजा गया है।

### शाह ने कहा....

के प्रभावी उपयोग का प्रमाण है, बल्कि जमीनी स्तर पर तैनात जवानों के साहस का भी परिणाम है।

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय भोपाल (म.प्र.)**
**क्रमांक-BPLLP10092543634/ दिनांक / 14/NOV/2025 क्र./1847**

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (SIDDAHARTH SARAIYA)-SHRI RADHE KRISHAN INFRASTRUCTURE PARTNERS (1) MR-SIDDAHARTH SARAIYA S/O SHRI PRADEEP KUMAR SARAIYA (2) SMT- RITU MITTAL W/O SHRI RAHUL MITTAL (3) SMT- PRATIBHA SINGH CHOUHAN W/O SHRI KRISHAN PRATAP SINGH RAJPUT (4) SMT- KIRAN MITTAL W/O SHRI JAGDEESH PRASAD MITTAL द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है– (क) परियोजना का नाम: RADHE KRISHNA COMPLEX (ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)–पूर्व स्वीकृत ग्राम Bawadiya Kalan तहसील Kolar व जिला Bhopal की भूमि सर्वे क्रमांक/खसरा क्रमांक 62/1 (s) कुल रकबा 0.425 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, LOCAL SHOPPING CENTRE, PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है। (ग) विकास का प्रयोजन–RESIDENTIAL, LOCAL SHOPPING CENTRE, PLOTTED HOUSING (घ) स्वीकृति क्रमांक 610 दिनांक 2008–12–24 पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=t08NBb2p6V1847 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspxपर किया जा सकता है।

**संयुक्त संचालक**
**नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल (म.प्र.)**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

न्यू सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल.आई.जी.-III 395 मण्डल द्वारा श्री भूपेश भटनागर आत्मज स्व. श्री रघुनाथ सहाय भटनागर एवं श्रीमती संगीता भटनागर पत्नी श्री भूपेश भटनागर के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 78-84 दिनांक 23/11/1999 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 04/02/1999 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आंवटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 26/12/2020 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री नयन जैन आत्मज श्री नील कमल जैन के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 23/10/2025 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री नयन जैन आत्मज श्री नील कमल जैन के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र 2, भोपाल**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति नानी बाई चौहान निवासी प.ह. नं. 54. ब.नं. 287, वार्ड क्र. 13 अम्बेडकर वार्ड, छोटा शिव मंदिर, टीकारी, बैतुल म.प्र है। जो कि नानी बाई एक 72 वर्षीय असहाय विधवा महिला होकर अपने पैत्रक निवास में 72 वर्षों से निवासरत है जो कि नगर पालिका बैतूल के अम्बेडकर वार्ड क्रमांक 13 में स्थित है।

यह कि उक्त संपत्ति विवादित है एवं उच्च न्यायलय जबलपुर में विचारधीन है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में क्रय विक्रय ना करें यदि कोई करता है तो उसका सम्पूर्ण दायित्व उसी का होगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

**प्रवीण गिरी अधिवक्ता**
**ऑफिस- 98 सुरभि मोहिनी होम्स,अवधपुरी भोपाल**
**मो: 9039955484,9827382697**

**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्या.**
**कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-01**
**पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)**
**दूरभाष क्र. : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com**
**क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग क्रमांक-01/भोपाल/2025-26/39**
**भोपाल, दिनांक : 18.11.2025**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं:- **कार्य का नाम - 1. लोक शिक्षण संचालनालय भवन, गौतम नगर भोपाल कार्यालय भवन** के तृतीय तल पर इंटीरियर, फर्नीशिंग एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 37,89,614.00 2. संचालनालय पेंशन कार्यालय भवन मण्डी बोर्ड भोपाल के तृतीय तल पर इंटीरियर, फर्नीशिंग एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य अनुमानित लागत राशि रु. 72,54,049.00 निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता हैं, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/123070/2025 **महाप्रबंधक (सं./नि.)**

**जाहिर सूचना**

डुप्लेक्स भवन नं. 40, सराय सिकन्दरी, मस्जिद के पीछे, रेल्वे स्टेशन के पास, तह. हुजूर, जिला भोपाल

मेरे पक्षकार हिन्दुजा हाऊसिंग फाईनेंस लि. शाखा जोन-2. एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती राशिदा बेगम पत्नी मो. खलील ने अपनी 01 संपत्ति जो कि डुप्लेक्स भवन क्र.-40, स्थित सराय सिकन्दरी, मस्जिद के पीछे, रेल्वे स्टेशन के पास, वार्ड नं. 36, तह. हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध किया है। उक्त संपत्ति की नाप 1033 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब असगर अली / अजीज खां का मकान, पश्चिम-मसूद अली / शराफत खां का मकान, उत्तर-रास्ता व मकान कमरून निसा का एवं दक्षिण में- रास्ता एवं सराय की बाउण्ड्री / मकान रिजवान खां का है। यह अनुबंध क्रेती श्रीमती राशिदा बेगम एवं विक्रेतागण अमन अली, फैजान अली, श्रीमती शबाना जहाँ व सना अंजुम के मध्य दि. 19/11/25 को निष्पादित हुआ है। संपत्ति से संबंधित सभी लिंक दस्तावेज, पावती इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें । यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा ।

**अभिषेक पंसारी (अधिवक्ता)**
**दुकान क्रमांक 02, डिस्ट्रिक्ट बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011**
**मो: 9993186085, 07554337451**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 313 एफ-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री पुरूषोत्तम मालवीया आत्मज श्री शंकर लाल मालवीया एवं श्रीमती चिंतामणि मालवीया पत्नी श्री पुरूषोत्तम मालवीया के संयुक्त नाम पर हस्तान्तरण आदेश क्र. 4876-80 दिनांक 15/12/2016 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01/11/2016 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री पुरूषोत्तम मालवीया द्वारा भवन से अपने नाम का हक त्याग का पंजीयन दिनॉक 30/09/2021 को पंजीकृत कराकर संपत्ति श्रीमती चिंतामणि मालवीया पत्नी श्री पुरूषोत्तम मालवीया के नाम पर हस्तान्तरण हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, हक त्याग विलेख एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन दिनांक 04/10/2021 को प्रस्तुत किया था। जिसके परिपेक्ष्य में आपत्ति आमंत्रण की आम सूचना समाचार पत्र दैनिक नईदुनिया दिनांक 19/10/2021 को प्रकाशित हुई थी, परन्तु श्रीमती चिंतामणि मालवीया द्वारा मण्डल नियमानुसार हस्तान्तरण शुल्क जमा नही कराये जाने के कारण हस्तान्तरण आवेदन निरस्त किया गया है। उक्त संपत्ति के क्रेता/विक्रेता द्वारा उक्त संपत्ति के हस्तान्तरण हेतु पुनः दिनांक 29/10/2025 को ऑन-लाईन आवेदन पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए हक त्याग विलेख दिनांक 30/09/2021 के आधार पर उक्त संपत्ति अपने नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति से श्री पुरूषोत्तम मालवीया आत्मज श्री शंकर लाल मालवीया का नाम विलोपित करते हुए संपत्ति श्रीमती चिंतामणि मालवीया पत्नी श्री पुरूषोत्तम मालवीया के एकल नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 24.11.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 379 | कोटा अचानकमार मार्ग के कि.मी. 40 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य, बुटेना धौराभाठा मार्ग के कि.मी. 2/4 में दायी ओर बाढ़ से हुये क्षतिग्रस्त का विशेष मरम्मत कार्य, सकरी सैदा मार्ग के कि.मी. 2/2 में तालाब के किनारे रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी., बोड़सरा खरकेना मार्ग के कि.मी. 2/2 में रिर्टनिंग वॉल का निर्माण कार्य लंबाई 3.65 कि.मी., पोड़ी चोरभट्ठी मार्ग के कि.मी. 2/2 एवं 2/8 में विशेष मरम्मत कार्य, कोटा अमाली बिल्लीबंद मार्ग के कि.मी. 5/8 एवं 6/2, लिंक रोड कोटा मार्ग के कि.मी. 2/10 एवं बेलगहना कोंनचरा खोंगसरा मार्ग के कि.मी. 1/10, 1/6, 10/10 में पुलिया का विशेष मरम्मत कार्य। द्वितीय आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। | 98.12 |
| 2. | 380 | कोथारी सोहागपुर उमरेली मार्ग 4/2 में सी.सी. मार्ग एवं नाली निर्माण एवं 4/6 में सड़क उन्नयन कार्य, मड़वारानी लबेद मार्ग 1/8, 2/4, 2/8, 2/10, 3/6 जी.एस.बी., डब्ल्यू.एम. एम., बी.टी. एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण। द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग। | 110.00 |
| 3. | 381 | हरनमुंड़ी पहुंच मार्ग (सी.सी. मार्ग निर्माण), पाली दीपका मार्ग कि.मी. 2/4 में निर्मित पुलिया का विशेष मरम्मत, कि.मी. 11/4, 12/2 में शोल्डर एम्बेकमेंट का विशेष मरम्मत, कटघोरा कोरबा मार्ग कि.मी. 2/4 में शोल्डर एम्बेंकमेंट का विशेष मरम्मत एवं कटघोरा से जुराली मार्ग अहिरन नदी पहुंच मार्ग का विशेष मरम्मत। द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग। | 123.50 |
| 4. | 382 | कोटमी-पसान-कटघोरा मार्ग (रा.मा. 04), 294/4 (2मी. स्पॉन स्लेब कलवर्ट), 300/10 (100) डाया एच.पी.सी.), 301/2 (50मी. रिटेनिंग वाल), 306/2 to 329/10, 332/8 332/10 333/2, 333/2, 335,10, 339/10 (पुल पुलिया मरम्मत), 353/2 (एप्रोच मरम्मत), चोटिया-चिरमिरी मार्ग (रा.मा.क्र. 15) कि.मी. 11/6 पुल पुलिया मरम्मत, कटघोरा बायपास मार्ग कि.मी. 2/10, 3/4 सी.सी. मार्ग निर्माण, राहा से रावा मार्ग कि.मी. 8/8 बनवार नाला पुलिया में एप्रोच रोड निर्माण एवं कोरबी जल्के मार्ग कि.मी. 5/4 पुल पुलिया मरम्मत। द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग। | 108.60 |
| 5. | 383 | चांपा कोरबा मार्ग (एन.एच. 149बी) कि.मी. 1/8-10 सी.सी. मार्ग निर्माण एवं सीपत बलौदा कोरबा मार्ग कि.मी. 42/4 सी.सी. मार्ग निर्माण। द्वितीय आमंत्रण। कोरबा संभाग। | 160.00 |
| 6. | 384 | बाराद्वार-हसौद जैजैपुर मार्ग के कि.मी. 1/4, 1/6 एवं 1/8 (मुख्य जिला मार्ग क्र. 72) में विशेष मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। सक्ती संभाग। | 165.00 |
| 7. | 385 | तमनार-उरबा- लैलूंगा मार्ग कि.मी. 6/2, 8/6 एम.डी.आर.- 282, पूंजीपथरा तुमीडीह मार्ग कि.मी. 1/2 (150) व्ही.आर.-05 में विशेष मरम्मत का कार्य। द्वितीय आमंत्रण। रायगढ़ | 69.70 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473


हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs.40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

आवश्यकता
एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास- ग्रेजुएट लड़के_लड़कियां(24500_64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 8053979338
R-17 to 20-11-2025

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन
• बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर
• रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal

## राशिफल

**मेष** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


## शब्द पहेली - 6052



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6051 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6062

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# सर्दी में बढ़ी सब्जी की कीमतों में गर्मी, टमाटर 60 से 80 रु. किलो, गड़बड़ाया रसोई का बजट

## नया आलू 50 से 60 रुपए मटरफली 80 से 100 रु. किलो

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सीजनली सब्जियों की आवक होने के बावजूद सर्दी में सब्जियों की कीमतों में गर्मी बढ़ी हुई। टमाटर के भाव सुनकर जहां लोग तिलमिला रहे है वहीं अन्य हरी सब्जियां 30 रुपए किलो के ऊपर के भाव पर ही बिक रही है। पुरानी आलू और प्याज के भाव ने आम उपभोक्ता को राहत दिए हुए है, लेकिन नई आलू के भाव आंखे तरेर रही है।

राजधानी के करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में सब्जियों के आवक गत वर्ष इन्हीं दिनों की अपेक्षा कम है क्योंकि भारी और बेमौसम बरसात से सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचाया, जिसके चलते गत वर्ष की तुलना इस सीजन में सब्जियों की आवक कम और भाव ऊंचे हैं। थोक सब्जी व्यापारी राजेन्द्र सैनी और मो.सलीम ने बताया कि थोक सब्जी मंडी प्रांगण में करीब 70 से 80 पिकअप सब्जियों की आवक है। तो वहीं आलू, प्याज कारोबारी जावेद रकीब के अनुसार पुराना आलू यूपी से आ रहा है। मंगलवार को पुराने आलू की आवक 10 से 11 हजार कट्टे की रही है जो कि 10 से 14 रुपए किलो के भाव बिका। जावेद रकीब ने बताया कि मंडी में नई आलू की भी आवक हो रही है जो कि इंदौर क छपड़ा से और छिदवाड़ा से आ रहा है। छिंदवाड़ा से 200 कट्टा आलू की आवक है तो छपड़ा से 100 कट्टा नए आलू की आवक हुई। नया आलू मंडी में 30 से 35 रुपए किलो क्वालिटीनुसार के भाव बिका। जावेद रकीब ने बताया कि सर्दी के सीजन में लहसुन की हालत खस्ता है। मंडी में लहसुन के थोक भाव क्वालिटीनुसार 30 से 45 रुपए किलो बोला गया। इसकी आवक 1500 से 2000 कट्टे की रही।

टमाटर कारोबारी राजेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि आमतौर पर इन दिनों हरी सब्जियों की कीमतों में गिरावट देखने को मिलती है, लेकिन इस बार स्थिति पूरी तरह अलग है। सब्जियों के भाव की पोजीशन टाइट बनी हुई है। रोजमर्रा में उपयोग होने वाली सब्जियां महंगी होने से उपभोक्ताओं का रसोई बजट बिगड़ा हुआ। किसानों और व्यापारियों का अनुमान था कि सर्दी बढ़ने के साथ सब्जियों की आपूर्ति बेहतर होगी, लेकिन बारिश से फसलों को हुआ नुकसान अब भी बाजार को प्रभावित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि महंगाई से टमाटर लाल है। स्थानीय मंडी में टमाटर 800 से 1100 रुपए कैरेट यानी 40 से 45 रुपए किलो के भाव बिक रहा है। टमाटर की आवक महाराष्ट्र से और आसपास के ग्रामीण अंचल जिलों से हो रही है। उन्होंने बताया कि बेमौसम बारिश की बदौलत फिलहाल टमाटर की पैदावार कम निकल रही है जिसके चलते टमाटर के भाव ऊंचे बने हुए है। तो फुटकर हाट बाजारों में क्षेत्रवार 60 से 80 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

### अगले 2 सप्ताह में दाम घटने की उम्मीद



इन दिनों बाजार में कई सब्जियों की कीमतें उपभोक्ताओं को परेशान कर रही हैं। हाट बाजारों में पुराना आलू 25 रुपये किलो, नया आलू 50 रुपये किलो, देसी प्याज 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा है। विक्रेताओं का कहना है कि बारिश के कारण फसल काफी प्रभावित हुई है, जिस वजह से अभी दाम में गिरावट की संभावना कम है। हालांकि खेतों में नई पैदावार बढ़ रही है और अगले दो -तीन सप्ताह में सब्जियों की आपूर्ति सामान्य होने पर कीमतें घटने की उम्मीद है। उपभोक्ताओं के अनुसार सब्जियों के ऊंचे दामों से रसाई का बजट गड़बड़ाया हुआ है। पहले बाजार से ज्यादा सब्जी खरीद लेते थे ,लेकिन अब खरीदारी कम कर दी है। सब्जियों के दाम कम होने चाहिए।

**थोक बाजार में सब्जियों के दाम (प्रति किलो)**

| सब्जी का नाम | कीमत |
|---|---|
| ● पुराना आलू | 10 से 14 रुपए |
| ● नया आलू | 30 से 35 रुपए |
| ● प्याज | 4 से 7 रुपए |
| ● फूलगोभी | 20 से 25 रुपए |
| ● पत्ता गोभी | 14 से 15 रुपए |
| ● पालक साग | 10 से 15 रुपए गड्डी |
| ● लाल साग | 10 से 15 रुपए गड्डी |
| ● मूली | 5 से 6 रुपए गड्डी |
| ● मेथी साग | 10 से 15 रुपए गड्डी |
| ● चना साग | 60 से 80 रुपए किलो |
| ● सेम | 30 से 35 रुपए किलो |
| ● धनिया पत्ता | 30 से 50 रुपए किलो |
| ● शिमला मिर्च | 40 से 50 रुपए किलो |
| ● मटर फली | 60 से 80 रुपए किलो |
| ● गाजर | 25 से 30 रुपए किलो |
| ● कटहल | 35 से 40 रुपए किलो |
| ● बैंगन | 20 से 22 रुपए किलो |
| ● कद्दू | 14 से 15 रुपए किलो |
| ● भिंडी | 50 से 60 रुपए किलो |
| ● फ्रेंचबीन | 30 से 40 रुपए किलो |
| ● हरी मिर्ची | 20 से 25 रुपए किलो |
| ● परवल | 40 से 50 रुपए किलो |
| ● लौकी | 25 से 30 रुपए किलो |
| ● गिलकी | 30 से 40 रुपए किलो |
| ● करेला | 35 से 40 रुपए किलो |
| ● बरबटी | 30 से 40 रुपए किलो |


**हाट बाजार में फुटकर दाम (प्रति किलो)**

| सब्जी का नाम | कीमत |
|---|---|
| ● पुराना आलू | 20 से 25 रुपए |
| ● नया आलू | 50 से 60 रुपए |
| ● प्याज | 15 से 25 रुपए |
| ● फूलगोभी | 50 से 60 रुपए |
| ● पत्ता गोभी | 30 से 40 रुपए |
| ● पालक साग | 20 से 30 रुपए गड्डी |
| ● लाल साग | 20 से 30 रुपए गड्डी |
| ● मूली | 30 से 40 रुपए गड्डी |
| ● मेथी साग | 20 से 30 रुपए गड्डी |
| ● चना साग | 120 से 140 रुपए किलो |
| ● सेम | 60 रुपए किलो |
| ● धनिया पत्ता | 60 से 80 रुपए किलो |
| ● शिमला मिर्च | 60 से 70 रुपए किलो |
| ● मटर फली | 80 से 100 रुपए किलो |
| ● गाजर | 50 से 60 रुपए किलो |
| ● कटहल | 60 रुपए किलो |
| ● बैंगन | 50 से 60 रुपए किलो |
| ● कद्दू | 30 रुपए किलो |
| ● भिंडी | 60 से 80 रुपए किलो |
| ● फ्रेंचबीन | 60 से 80 रुपए किलो |
| ● हरी मिर्ची | 60 से 70 रुपए किलो |
| ● परवल | 60 से 60 रुपए किलो |
| ● लौकी | 30 से 40 रुपए किलो |
| ● गिलकी | 40 से 60 रुपए किलो |
| ● करेला | 50 से 60 रुपए किलो |
| ● बरबटी | 50 से 60 रुपए किलो |

## खबर संक्षेप

### डाबर और अक्षय ने दिया नए कैंपेन पर जोर

**भोपाल।** डाबर ने डाबर च्यवनप्राश के लिए नए हाई-इम्पैक्ट कैंपेन 'बीमार या तैयार' के लांच की घोषणा की है। ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार इस कैंपेन की अवधारणा मैक कैन वर्ल्ड ग्रुप इंडिया ने तैयार की है, जो मौसम में होने वाले बदलाव और पर्यावरणी चुनौतियों के लिए तैयार रहने के महत्व पर जोर देता है। श्रीराम पद्मनाभन, डायरेक्टर ने कहाकि आज के दौर में आप बीमारी के कारण अचानक अपने काम से छुट्टी नहीं ले सकते।



### एबीएस मरीन का शुद्ध लाभ 334 फीसदी बढ़ा

मुंबई। एबीएस मरीन सर्विसेज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में असमीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 139.53 करोड़ रुपए, साल-दर-साल वृद्धि 90.01 फीसदी दर्ज हुई। एबिटडा 51.35 करोड़, साल-दर-साल वृद्धि 324.17 फीसदी और शुद्ध लाभ 30.62 करोड़ रुपए दर्ज हुआ और साल-दर-साल वृद्धि 333.72 फीसदी दर्ज हुई।

### एअरफ्लो रेल के लाभ में 24 फीसदी वृद्धि

**मुंबई।** एअरफ्लो रेल टेक्नॉलॉजी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहल छमाही में असंबोधित वित्तीय जानकारी की घोषणा की है। कंपनी कुल आय 90.98 करोड़ रुपए, एबिटडा 22.46 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 12.09 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। माणिकंदन दक्षनामूर्ति, संयुक्त प्रबंध निदेशक, ने कहाकि इस अर्धवार्षिक अवधि में हमारा प्रदर्शन हमें विश्वास देता है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। लाभ में वृद्धि और नए ऑर्डर्स का मजबूत प्रवाह दिखाता है कि हमारे काम को हमारे उद्योग साझेदारों से सही मान्यता मिल रही है।

### कैशयोर ड्राइव का मुनाफा 10 करोड़ रुपए पार

**मुंबई।** कैशयोर ड्राइव मार्केटिंग लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त हुए अर्धवार्षिक के लिए अपने बिना ऑडिट किए हुए समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी के ऑपरेशन से राजस्व 77.86 करोड़ रुपए और वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि 22.4 फीसदी दर्ज हुई, तो एबिटडा 13.55 करोड़ रुपए एवं शुद्ध लाभ 10.88 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। कंपनी के प्रबंध निदेशक रघु खन्ना ने कहाकि वित्तीय परिणामों को एक सूचीबद्ध कंपनी के रूप में गर्व के साथ प्रस्तुत करता है, जो इसके विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## ईडी की विंजो और गेम्सक्राफ्ट कंपनी के ऑफिस में छापेमारी

### कुल 11 स्थानों पर तलाशी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने विंजो और गेम्सक्राफ्ट कंपनी के ऑफिस में छापामारी की है। ईडी के बेंगलुरु रीजनल ऑफिस ने मंगलवार को धोखाधड़ी, हेरफेर और संभावित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के संबंध में दो ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के खिलाफ छापामारी शुरू की है।

अधिकारियों ने बताया कि कुल 11 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। इनमें बेंगलुरु में पांच, दिल्ली में चार और गुरुग्राम में दो परिसर शामिल हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही छापेमारी में कंपनियों के कॉर्पोरेट कार्यालयों के साथ-साथ उनके मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, मुख्य परिचालन अधिकारियों और मुख्य वित्तीय अधिकारियों सहित उनके प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारियों के आवास भी शामिल हैं।

### गेमिंग एल्गोरिदम में हेरफेर का आरोप

यह कार्रवाई कई पीड़ितों की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद की गई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि इन प्लेटफॉर्म्स ने खिलाड़ियों को अनुचित नुकसान पहुंचाने के लिए अपने गेमिंग एल्गोरिदम में हेरफेर किया था। इससे कंपनियों को अवैध रूप से मुनाफा कमाने का मौका मिला। अधिकारियों ने बताया कि चल रही तलाशी के दौरान यह पता चला है कि प्रवर्तकों के पास क्रिप्टो वॉलेट हैं। जो क्रिप्टोकरेंसी के जरिए धन शोधन का संकेत देते हैं। इससे डिजिटल परिसंपत्तियों के जरिए धन शोधन के संभावित चैनलों का संकेत मिलता है।

### वित्तीय रिकॉर्ड, तकनीकी डेटा और क्रिप्टो लेन-देन की हो रही जांच

एजेंसी कथित अवैध लाभ की सीमा और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के संभावित उल्लंघन का आकलन करने के लिए वित्तीय रिकॉर्ड, तकनीकी डेटा और क्रिप्टो लेनदेन की जांच कर रही है।

## बजाज फिन्सर्व ने लांच किया बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं फंड

**मुंबई।** बजाज फिन्सर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश करने वाली एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना, बैंकिंग और वित्तीय सेवा फंड, की शुरुआत की घोषणा की है। यह नया फंड ऑफर 10 नवंबर से सदस्यता के लिए खुला हुआ और 24 नवंबर 2025 को बंद होगा। इस फंड को निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टीआरआई के समकक्ष बेंचमार्क किया गया है। यह फंड बजाज फिन्सर्व म्यूचुअल फंड्स की मेगाट्रेंड्स रणनीति पर आधारित है।

इसका लक्ष्य बैंकों, एनबीएफसी, बीमा कंपनियों, एएमसी तथा अन्य पूंजी-बाजार भागीदारों को शामिल करते हुए, भारत के विकसित हो रहे वित्तीय पारिस्थिति की तंत्र से अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक विविध पोर्टफोलियो तैयार करना है। यह लगभग 180-200 मेगाट्रेंड्स क्षेत्र से चुने गए 45-60 फीसदी शेयरों में निवेश करेगा, जो दीर्घकालिक संरचनात्मक रुझानों के अनुरूप होंगे।

## सीबीडीटी चेयरमैन बोले प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.99 फीसदी बढ़ा

# वित्त वर्ष में 25.20 लाख करोड़ रुपए का कर लक्ष्य हासिल करना संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा, चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में निर्धारित 25.20 लाख करोड़ रुपये के आयकर संग्रह लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अग्रवाल ने कहा कि प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में 6.99 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। यह उत्साहजनक रुझान है और करदाताओं की प्रतिक्रिया भी अच्छी रही है। हमें उम्मीद है कि साल के अंत तक हम 25.20 लाख करोड़ रुपए का कर संग्रह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एक अप्रैल से 10 नवंबर के बीच शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.99 फीसदी बढ़कर 12.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। कॉरपोरेट कर संग्रह और धीमी रिफंड दर मुख्य वजह रही। 10 नवंबर तक 2.42 लाख करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो 18 फीसदी कम है।

### दिसंबर तक जारी हो सकते हैं बाकी रिफंड

रिफंड जारी करने में देरी के बारे में अग्रवाल ने कहा, जांच में पाया गया कि कुछ गलत रिफंड या कटौतियों का दावा किया जा रहा था। विभाग कुछ रिफंड दावों का विश्लेषण कर रहा है, जो उच्च राशि के थे या जिन्हें प्रणाली ने लाल झंडी दिखा दी थी। यह एक सतत प्रक्रिया है।

### जनवरी तक अधिसूचित होंगे नए आयकर फॉर्म

एक अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर नियमों पर सीबीडीटी चेयरमैन ने कहा, नए नियमों और फॉर्म को साल के अंत या जनवरी, 2026 तक अधिसूचित किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, आईटीआर फॉर्म प्रासंगिक और कारोबारी सुगमता के सिद्धांत पर आधारित होने चाहिए, ताकि करदाताओं पर अनावश्यक बोझ न पड़े। इसलिए, हम इसे जनवरी तक लागू करने की दिशा में काम कर रहे हैं। अग्रवाल ने कहा, हमारा उद्देश्य करदाताओं के लिए नए आयकर फॉर्म को सरल और सुगम बनाना है, क्योंकि यही पहला जरिया है, जिसके माध्यम से अनुपालन करना सुनिश्चित होता है।

## 35 करोड़ डॉलर मूल्य का थिंक गैस ने शेल एनर्जी के साथ किया समझौता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



थिंक गैस ने शेल एनर्जी इंडिया के साथ 35 करोड़ डॉलर मूल्य के एक दीर्घकालीन गैस बिक्री एवं खरीद समझौते की घोषणा की है। यह भारत के प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में एक बड़ा कीर्तिमान है। समझौते के मुताबिक थिंक गैस हजीरा एलएनजी टर्मिनल के जरिए शेल एनर्जी इंडिया के पोर्टफोलियो से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति हासिल करेगी। थिंक गैस के प्रबंध निदेशक और सीईओ अभिलाष गुप्ता ने कहाकि हमें पारस्परिक विश्वास और सहयोग के आधार पर शेल के साथ हमारी मौजूदा साझीदारी को विस्तार देते हुए प्रसन्नता है। इस दीर्घकालीन समझौते का क्रियान्वयन एक जटिल वैश्विक वातावरण में हमारे गैस पोर्टफोलियो के विविधीकरण की हमारी रणनीति और हमारे ग्राहकों को विश्वसनीय, लचीले, किफायती और टिकाऊ समाधान की पेशकश पर आधारित है।

## लेंसकार्ट ने बार्सिलोना के ब्रांड मेलर को लांच किया

**नई दिल्ली।** लेंसकार्ट ने भारत में मेलर के लांच की घोषणा की और वैश्विक पॉप-कल्चर ब्रांड पॉपमार्ट के साथ एक नई रचनात्मक आईवियर साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी से आईवियर ब्रांड्स का एक आधुनिक घराना बनाने की उसकी महत्वाकांक्षा और मजबूत होगी और लेंसकार्ट को समकालीन आईवियर डिजाइन के केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। पॉप मार्ट एक्स लेंसकार्ट आईवियर कलेक्शन दिसंबर के पहले हफ्ते से सिंगापुर में ऑनलाइन और चुनिंदा लेंसकार्ट स्टोर्स मेंलॉन्च होगा। इस रेंज में संग्रहणीय, चरित्र-प्रेरित डिजाइन पेश किए गए हैं, जो उन उपभोक्ताओं के लिए हैं जो भावपूर्ण, चंचल और सांस्कृतिक रूप से प्रासंगिक फैशन एक्सेसरीज पसंद करते हैं।

## एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षण और जागरूकता पहल शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

SBI MUTUAL FUND
A PARTNER FOR LIFE

एसबीआई म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षण और जागरूकता पहल में टॉप-अप एसआईपी अभियान, 'जननिवेश एसआईपी' जैसी योजनाएं, कार्यशालाएं, वेबिनार, और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग शामिल है।

इसके अतिरिक्त वे मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स और वित्तीय नियोजन पर ध्यान केंद्रित करते हैं ताकि निवेशकों को सूचित निवेश निर्णय लेने में मदद मिल सके। एसबीआई म्यूचुअल फंड के अनुसार आज की तेज रफ्तार जिंदगी में निवेश कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक जरूरत है चाहे आप नौकरी की शुरुआत कर रहे हों या एक स्थापित प्रोफेशनल हों। नौकरीपेशा लोगों की आय स्थिर हो सकती है, लेकिन बाजार की स्थिति और नौकरी की सुरक्षा पर निर्भर करती है। नौकरी रुकते ही आमदनी तुरंत बंद हो जाती है। वहीं डॉक्टर, वकील, कंसल्टेंट, फ्रीलांसर या अन्य स्व-रोज़गार करने वालों की आय महीने-दर-महीने बदलती रहती है।

**लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश**
**गौतम नगर भोपाल-462021**
**दूरभाष: 91-755-2583650, फैक्स: 0755-2583651**
**ई-मेल cmrisepmu125@gmail.com**

क्रमांक. 2511/सावि./डिजिटल उपकरण 362-3/2025-26/2511 भोपाल, दिनाँक 10.11.25

**विज्ञप्ति**


संचालनालय अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में संचालित स्कूलों के लिये डेक्सटॉप कम्प्यूटर क्रय करने हेतु जेम-पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2025/B/6857074 दिनांक 06.11.2025 को जारी की गई है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते जेम-पोर्टल की साइट https://bidplus.gem.gov.in को देखी जा सकती है। निविदा समाप्त होने की तिथि दिनाँक 27.11.2025 को अपरान्ह 06:00 बजे है। आवश्यकतानुसार निविदा से संबंधित शुद्धिपत्र जेम-पोर्टल की साइट पर जारी किए जायेगें।

**संयुक्त संचालक (वित्त)**
**लोक शिक्षण म.प्र.**

जी - 21604/25 स्वच्छा ही सेवा है।

## बिजनेस न्यूज

### सोना-चांदी में भारी गिरावट, महीने भर में चांदी 14297 रुपए घटी



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन खत्म होने के बाद देश में वेडिंग सीजन की धूम है। लोग जमकर सोना-चांदी खरीद रहे हैं। लेकिन इनके भाव लगातार कर गिर रहे हैं। मंगलवार को इनके दामों में लगातार चौथे दिन गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने की कीमत 1348 रुपए गिरकर 1,21,366 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई। आंकड़ों की मानें तो पिछले एक महीने में सोना-चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। एक महीने में 24 कैरेट गोल्ड में 9508 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी में 14,297 रुपए की भारी कमी आई है। बाजार जानकारों के अनुसार मंगलवार यानी को चांदी 1,51,850 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। यानी एक महीने में चांदी 14297 रुपए सस्ती हुई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 887 की गिरावट के साथ 1,22,040 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। हाई लेवल 1,22,150 रुपए और लो लेवल 1,20,762 रुपए था। वहीं चांदी 1334 रु की गिरावट के साथ 1,53,978 प्रति किलोग्राम पर आ गई। ट्रेडिंग के दौरान चांदी का हाई लेवल 1,54,300 और लो लेवल 1,51,000 रुपए प्रति किलोग्राम रहा।

### एमजंक्शन ने की 5 करोड़ मीट्रिक टन नॉन-प्राइम स्टील उत्पादों की बिक्री

**नई दिल्ली।** एमजंक्शन फरवरी 2026 में अपने संचालन के 25 वर्ष पूरे करेगा। शुरुआत से अब तक, एमजंक्शन ने लगभग 5 करोड़ (50 मिलियन) मीट्रिक टन दोषपूर्ण, सेकेंडरी और नॉन-प्राइम स्टील उत्पादों की बिक्री में मदद की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 में ही, कंपनी ने भारत, यूके और मध्य पूर्व से लगभग 40 लाख (4 मिलियन) मीट्रिक टन लोहा और स्टील उत्पादों की बिक्री की। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक विनया वर्मा ने बताया कि एमजंक्शन अब एनएसएल के लिए प्राइम स्टील की ई-बुकिंग सेवा भी प्रदान कर रहा है, जिसके तहत खरीदार अपनी पसंद की मात्रा "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर बुक कर सकते हैं।

### इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी ने बीमा ग्राम एपीआई की सराहना की

**मुंबई।** इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी (आईएसी-लाइफ) बीमा ग्राम एपीआई पर भरोसा कर रही है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में बीमा प्रसार को बदलने वाली साबित हो सकती है। इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) द्वारा हाल ही में लॉन्च किया गया बीमा ग्राम एपीआई, ग्रामीण भारत में बीमा कवरेज डेटा को सरल और प्रमाणित करने के लिए एक अग्रणी डिजिटल पहल है। यह नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) द्वारा मिनिस्ट्री ऑफ पंचायती राज (एमओपीआर), डिपार्टमेंट ऑफ पोस्ट्स (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पोस्टल टेक्नोलॉजी-सीईपीटी द्वारा प्रतिनिधित्व) और इंश्योरेंस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया (आईआईबीआई) के सहयोग से विकसित किया गया है। इस हस्तक्षेप में एक डेटाबेस और एक एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) शामिल है।

### न्युवोको ने जीता एक्सीलेंस के लिए प्रतिष्ठित सैप एसीई अवॉर्ड

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की विश्वसनीय निर्माण सामग्री कंपनी को डिसरप्टर - कस्टमर एक्सपीरियंस मैनेजमेंट श्रेणी में सैप एसीई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवॉर्ड डिजिटल इनोवेशन और बदलाव में इसकी बेहतरीन उपलब्धियों के लिए दिया गया है। यह अवॉर्ड उन संगठनों को सम्मानित करता है जो कमर्शियल एक्सीलेंस को प्रोत्साहित करने के लिए सैप तकनीकों का बेहतरीन उपयोग प्रदर्शित करते हैं।न्युवोको को यह प्रतिष्ठित सम्मान अपने न्युवोको कस्टमर पोर्टल - न्युवोसेतु (छनअवैम्ज्न) के लिए मिला है, जो एक इंटीग्रेटेड डिजिटल बी2बी प्लेटफॉर्म है जो इसके सीमेंट, रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) और मॉडर्न कंस्ट्रक्शन सामग्री व्यवसायों में ऑर्डर मैनेजमेंट, कोट्स, भुगतान, खाता डिटेल और लॉयल्टी प्रोग्राम्स सहित महत्वपूर्ण ग्राहक कार्यों को आसानी से इंटीग्रेट करता है। न्युवोको के 95 प्रतिशत सीमेंट ऑर्डर अब 13 राज्यों में इसी प्लेटफॉर्म के माध्यम से दिए जा रहे हैं, जिससे 5,300 से ज्यादा ग्राहक पूरी तरह से डिजिटल ऑर्डर लाइफ साइकिल पर आ गए हैं।

### पाटिल ऑटोमेशन का मुनाफा 23 फीसदी बढ़ा

**पुणे।** पाटिल ऑटोमेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के शानदार नतीजे घोषित किए हैं। कंपनी ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त अवधि में शुद्ध लाभ में 23 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज करते हुए 7.53 करोड़ का मुनाफा कमाया, जबकि कुल आय 21.6 फीसदी बढ़कर 73.55 करोड़ तक पहुंच गई। पहली छमाही में कंपनी की कुल आय 73.55 करोड़, एबिटडा 12.96 करोड़, शुद्ध लाभ 7.53 करोड़ रुपए दर्ज हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक,मनोज पाटिल ने कहाकि वर्ष की पहली छमाही पाटिल ऑटोमेशन के लिए बेहद उत्साहजनक रही है। कंपनी ने राजस्व और मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की है, जो सशक्त निष्पादन और प्रमुख ग्राहक क्षेत्रों में स्थिर मांग से समर्थित रही।

**सूचना-पत्र**

1-श्री मोहनलाल शर्मा आ. जी.पी. शर्मा पता ई एच.एम. रतनपुर सडक भोपाल
2-श्री अमित गिरी अजीत गिरी पुत्र राधाकृष्ण गिरी पता भोपाल
3-श्री मुन्नीलाल आ. किशनलाल पता ई एम ए 16 रतनपुर सडक
4-श्रीमती माधवी यादव पत्नि अरविन्द एस एल पता भोपाल
5-श्रीमती सुचित्रा पत्नि एम.डी. दंत पता सा. देह
6-हल्का पटवारी ग्राम रतनपुर सडक

आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0501/अ-12/2025-26 में आवेदक श्री मोहनलाल शर्मा आ. जी.पी. शर्मा पता ई एच.एम. रतनपुर सडक भोपाल द्वारा ग्राम रतनपुर सडक प.ह.नं.-05, रा.नि.मं-.02 रतनपुर सडक, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा नं. 1084 रकबा 0.0500हे. भूमि का सीमांकन किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका न्यायालय के आदेश पालन में आवेदित भूमि का स्थल पर सीमांकन कर जांच प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक, नक्शा, सूचना-पत्र के साथ न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अतः आवेदित भूमि का सीमांकन की कार्यवाही दिनांक 22/11/2025 को समय 11 बजे आवेदित स्थल पर की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया। सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नही किया जायेगा। अतिआवश्यक शासकीय कार्य होने कि स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

**गणेश पाण्डे**
**नायब तहसीलदार प.ह.न.05**
**तहसील-कोलार, जिला-भोपाल**

**आम सूचना**

**जी.एन.एम. प्रमाण पत्र गुम होने बावत् ।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा जी.एन.एम. का प्रमाण पत्र जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर V-38165 Dtd.06-10-2017 valid up 05-10-2022 है, दिनांक 15.11.2025 को डी.बी. मॉल तिराहा एम.पी. नगर, भोपाल के पास एम.पी. नर्सिंग कौंसिल जाने के दौरान गुम हो गया है जिसको बहुत ढूंडा पर कुछ पता नहीं चला। मेरे द्वारा इस सम्बंध में पुलिस थाना एम. पी. नगर, भोपाल में भी सूचना दे दी गयी है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त जी.एन.एम. का प्रमाण पत्र मिले तो वह उसे एम.पी. नगर थाना भोपाल में जमा करने की कृपा करें, अथवा मेरे नीचे लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर मुझे सूचित करे।

भवदीय **सीताफल महतो**
**पता-जामसिंघ, पोस्ट इचातू, पुलिस स्टेशन राजरप्पा, जिला रामगढ़, झारखण्ड**
**मो.नं. 9955747349, 8051094712**

## चिंतन

# एनसीआर बना गैस चेंबर क्यों जहरीली हुईं सांसें

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का हाल बेहाल है। दिवाली के बाद से शुरू हुआ प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर घने प्रदूषण की चादर में ढके हुए हैं। आम आदमी का सांस लेना दुभर हो गया है तो फिर छोटे बच्चों और मरीजों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मंगलवार को कई जगहों पर तो एयर क्वालिटी इंडेक्स का लेवल 600 से ज्यादा ही दर्ज किया गया। बच्चे, बूढ़े सभी सांस की दिक्कत, गले में खराश, आंखों में जलन जैसी किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। जानलेवा प्रदूषण के स्तर को देखते हुए पूरे दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने की तैयारी है। ग्रैप 3 लगने के बाद भी प्रदूषण के स्तर में सुधार होने की बजाए पूरा एनसीआर गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। इसका खासकर बच्चों पर अधिक प्रभाव हो रहा है, जिनका इस प्रदूषण में कोई दोष नहीं है। जन्म के साथ ही उन पर प्रदूषण की काली छाया पड़ जा रही है। नतीजतन शारीरिक ही नहीं मानसिक बीमारियां भी उन पर हावी हो रही हैं। छोटे बच्चों में अस्थमा जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। इन्हें अस्थमा नहीं कहा जा सकता है। लेकिन कई सालों तक प्रभाव में रहने के कारण अस्थमा भी हो सकता है। द लैंसेट पत्रिका की 2023 की एक रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया है कि भारत में हर साल प्रदूषण के कारण पांच साल से कम उम्र के 1.7 लाख बच्चों की मौत हो रही है। बच्चे ही क्यों बड़ों का भी हाल बेहाल है। जबसे प्रदूषण का स्तर बढ़ा है, इसी अनुपात में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ भी बढ़ी है। इसमें खांसी-जुकाम के साथ अस्थमा और सांस लेने में तकलीफ के मामले अधिक हैं। पहले खांसी-जुकाम पांच से सात दिनों में ठीक हो रहे थे। लेकिन प्रदूषण के कारण इनकी अवधि बढ़ गई है। कई मामलों में ठीक होने के तुरंत बाद फिर से असर दिखने लगा है। असल में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से मानव कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन पैदा होती है, जो दीर्घकालिक बीमारियों और कैंसर का कारण बन सकती है। 2013 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने वायु प्रदूषण को मानव कैंसरकारी कारक के रूप में वर्गीकृत किया था। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि बाहरी वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आने से अल्पकालिक जोखिम बढ़ सकता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी, अस्थमा, हृदय संबंधी समस्याएं, आपातकालीन विभाग में जाना और अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ा है। अब प्रश्न है कि प्रदूषण कम कैसे हो। इसके लिए सरकार तो अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, हर नागरिक को भी आगे आने की जरूरत है। जहां तक हो सके सार्वजनिक परिवहन सुविधा का उपयोग करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे धूल उड़े। घर के बाहर कूड़े को आग न लगाएं। जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, अगर निकलें तो मास्क पहनें। अगर हम सजग होंगे तो इस परेशानी से जल्द निपट पाएंगे।

# हसीना केस में कूटनीति की अग्निपरीक्षा



पड़ोस
डॉ. घनश्याम बादल

शेख हसीना इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के खिलाफ़ जाएगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है।

भारत के सबसे निकट पड़ोसी बांग्लादेश में एक बार फिर उठापटक की आहट सुनाई देने लगी है। वैसे तो पिछले वर्ष जुलाई में वहां जिस तरीके से शेख हसीना की सरकार को छात्र आंदोलन के माध्यम से उखाड़ फेंका गया, वह भी अपने आप में हैरतअंगेज था। लगभग 15 वर्षों से बांग्लादेश पर शासन कर रही बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ पहले से ही महंगाई और दूसरी समस्याओं को लेकर काफी असंतोष था, लेकिन मुक्ति दाताओं के पोते-पोतियों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ मुद्दा बनाकर एक उग्र आंदोलन हुआ। इसे रोकने में शेख हसीना की सरकार नाकामयाब रही और उसकी परिणति 1400 लोगों की मृत्यु के रूप में सामने आई। तब भी शेख हसीना की सरकार पर आरोप लगा कि उसने निर्ममतापूर्वक आंदोलनकारी पर गोलियां चलवाई जिससे अनेक छात्र-छात्राएं एवं निर्दोष लोग मारे गए। हो सकता है शेख हसीना को उस समय लगा हो कि आंदोलन का दमन करके उनकी सरकार सुरक्षित रह जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हालात इतने बिगड़े कि शेख हसीना को न केवल प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा बल्कि देश छोड़कर भी भागना पड़ा। वे इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है।

वैसे तो किसी देश में ऐसा कुछ घटित होना वहां का आंतरिक मामला है लेकिन यहां एक पेंच विशेष तौर पर फंसता है और वह है शेख हसीना का भारत में शरणागत होना और उनके साथ उनके शासनकाल के दौरान भारत के विशेष और सौहार्दपूर्ण संबंध होना। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि किस तरह 1971 में जब पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार वहां के बंगालियों का दमन कर रही थी तब भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वहां सेना भेज कर शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश का निर्माण करवा दिया था। लेकिन केवल 4 वर्ष के बाद ही 15 अगस्त 1975 में एक सैन्य एक तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान और उनका पूरा परिवार मार दिया गया और सत्ता एक हाथ से दूसरे हाथ में होती हुई अंततः जनरल जियाउर्रहमान के हाथों में आ गई थी जो बाद में एक राजनीतिक पार्टी बीएनपी खड़ी करके लंबे समय तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति रहे। हालांकि एक राजनीतिक समस्या के हल के लिए चटगांव गए हुए जियाउर्रहमान का भी कत्ल हो गया था। यानी कह सकते हैं कि खून-खराबे के साथ सत्ता परिवर्तन बांग्लादेश का एक इतिहास है। शेख हसीना 1975 में भी इसलिए बच गई थी क्योंकि जब उनके परिवार की हत्या हुई, तब वे जर्मनी में थी। बाद में वह वहां से आकर भारत में रहीं और 1981 में उन्हें बांग्लादेश आवामी लीग का अध्यक्ष चुना गया। शेख हसीना ने लंबे समय तक जियाउर्रहमान और उनकी सरकार से लोहा लिया।

आखिरकार 1996 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं लेकिन 2001 में उन्हें जियाउर्रहमान की बेगम



खालिदा जिया ने चुनाव में परास्त कर सत्ता से बाहर कर दिया। वह 2001 तक वहां की प्रधानमंत्री रहीं लेकिन कुशल और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ तथा जीवट वाली महिला के तौर पर शेख हसीना को जब ज़रूरत पड़ी तो वे खालिदा जिया के साथ भी मिलकर वहां की सरकारों से लड़ीं किंतु दोनों में संबंध सांप और नेवले जैसा ही रहा। एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के तौर पर शेख हसीना 2009 में फिर सत्ता में लौटी और उठापटकों के बीच 2024 तक सत्ता में आती-जाती रहीं। फिर वह सब घटनाक्रम हुआ जब उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में सत्ता है।

उनकी सरकार का दायित्व था कि फरवरी 2026 तक वे बांग्लादेश को एक निर्वाचित सरकार दे देंगे और आंदोलन में मासूमों के हत्या के दोषी लोगों को सजा भी दिलवाएंगे। कहने को यूनुस गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं लेकिन सत्ता में बैठा हुआ व्यक्ति बिना राजनीति के रह नहीं सकता इसलिए उन्हें भी जनता को यह दिखाना है कि उन्होंने जन भावनाओं के अनुरूप दोषियों को उनकी नियति तक पहुंचा दिया है। शेख हसीना को मृत्यु दंड सुनाने वाली विशेष न्यायाधिकरण में इस सुनवाई का टेलीविजन पर प्रसारण यह बताता है कि यह केवल न्याय की बात नहीं अपितु राजनीति का भी बड़ा खेल है।

जहां यूनुस की सरकार जनता को यह संदेश देना चाहती है कि उसने बिना डरे और झुके हुए आंदोलन के मृतकों को न्याय दिलवाया है। वहीं उनकी कोशिश यह भी हो सकती है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी 2026 में होने वाले चुनाव में भाग ही न ले पाए या उनकी हालत इतनी ख़राब कर दी जाए कि वह सत्ता में न लौट सकें। जहां न्यायाधिकरण कहता है कि उसके पास शेख हसीना और असद उज्जमा कमाल को फांसी की सजा दिए जाने के पीछे उपलब्ध ऑडियो, वीडियो आदि हैं, वहीं शेख हसीना ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया में कहा कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका ही नहीं दिया गया और एक अलोकतांत्रिक तरीके से थोपी गई सरकार और उसके पिट्ठू के रूप में वहां के न्यायाधिकरण ने पहले से ही तय गए निर्णय को सुनाया है।

वहीं सरकार और न्यायाधिकरण का कहना है कि शेख हसीना ने सुनवाई के लिए उपस्थित होने से ही मना कर दिया था। ख़ैर सियासत में प्रतिशोध केवल बांग्लादेश में ही नहीं कई देशों में लिया जाता रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देश तो इसके ज्वलंत उदाहरण हैं लेकिन अब यहां पर मुख्य मुद्दा यह है कि निर्णय के तुरंत बाद बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना को प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए बांग्लादेश को सौंप देने का आग्रह भारत की सरकार से किया है। अब गेंद भारत सरकार के पाले में है। एक ओर जहां भारत का नैतिक समर्थन शेख हसीना के प्रति है, वहीं बांग्लादेश के साथ भी हमारे पुराने राजनयिक संबंध हैं। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के ख़िलाफ़ जाएगा और दोनों देशों के बीच संबंध खराब होंगे जो पहले से भी बहुत अच्छे नहीं हैं। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है और उसके परिणाम आने वाले समय में क्या निकलते हैं।

*(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अहम मुद्दा
डॉ. प्रमोद शंकर सोनी



# चिकित्सा की हर पद्धति का अपना महत्व- उपचार करें, अहंकार नहीं

आज के समय में जब चिकित्सा विज्ञान निरंतर हर दिशा में प्रगति कर रहा है बावजूद इसके एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति डॉक्टरों के मध्य घर कर गई है और वह है केवल अपनी चिकित्सा पद्धति को सर्वोपरि मानना और अन्य चिकित्सा पद्धतियों को हीन समझना। यह सोच न केवल बेहद संकीर्ण है बल्कि कभी-कभी मरीज के लिए हानिकारक भी सिद्ध हो सकती है। सच्चाई यह है कि चिकित्सा का मूल उद्देश्य रोगी को स्वस्थ करना है, न कि किसी पद्धति का वर्चस्व सिद्ध करना।

एक होम्योपैथिक चिकित्सक होने के कारण मेरे पास ऐसे अनेक व्यक्ति आते हैं जो एलोपैथिक दवाइयां लेते-लेते थक चुके होते हैं। निश्चित रूप से होम्योपैथिक दवाइयां उन बीमारियों से ग्रसित मरीजों को भी राहत और स्वास्थ्य प्रदान कर देती हैं जिनका इलाज आधुनिक एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति भी नहीं कर पाती। यहां तक तो सब ठीक है, पर वास्तविक समस्या तब उत्पन्न होती है जब होम्योपैथी से अत्यंत प्रभावित होकर रोगी अपनी पुरानी जीवन-रक्षक एलोपैथिक दवाएं-जैसे ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायरॉयड या हृदय रोगों की दवाएं छोड़ देने की जिद करता है। उन्हें यह समझाना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है कि इन दवाओं को अचानक छोड़ना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा है। इसके बावजूद वे चाहते हैं कि उन्हें इन गंभीर एवं दीर्घकालिक रोगों के लिए भी केवल होम्योपैथी ही दी जाए वो दुष्प्रभाव करने वाली अंग्रेजी दवाएं बंद कर दी जाएं, जिसके लिए मैं अति विनम्रता से उन्हें मना कर देता हूं। क्योंकि मैं भली भांति समझता हूं कि वे जो अंग्रेजी दवाईयां छोड़ने की बातें कर रहे हैं वह वास्तव में उनकी जीवन की रक्षा कर रही होती हैं।

दुर्भाग्य से हमारे देश में ऐसे चिकित्सक बेहद कम हैं जो चिकित्सा की हर विधा या पैथी का सम्मान करते हों। अधिकांश चिकित्सक अपने-अपने उपचार पद्धति को सर्वोपरि मानकर अन्य चिकित्सा प्रणालियों की बुराई करने में ही लगे रहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि कोई भी चिकित्सा पद्धति अपने-आप में पूर्ण नहीं है और न ही कभी हो सकती है। हर पद्धति की अपनी विशिष्ट शक्ति और अपनी सीमाएं होती हैं। होम्योपैथी दवाएं त्वचा रोगों, मस्सों, किडनी की पथरी, गाउट, सायटिका, ऑटो-इम्यून व अन्य कई असाध्य समझी जाने वाले बीमारियों में एक बेहद प्रभावी व सुरक्षित विधा मानी जाती है। तो वहीं, हर्निया, जटिल गॉलब्लैडर स्टोन, गंभीर डायबिटीज, हार्ट अटैक, स्ट्रोक भारी रक्तस्राव या ऐसी आपातकालीन स्थिति जहां शल्य चिकित्सा अनिवार्य हो, वहां एलोपैथिक चिकित्सा जीवनरक्षक सिद्ध होती है। ऐसे समय होम्योपैथी, आयुर्वेद या अन्य पद्धतियों पर निर्भर रहना समझदारी नहीं है, बल्कि रोगी के जीवन से खिलवाड़ है। इसी प्रकार आयुर्वेद अपनी विशिष्ट अवधारणाओं- दोष, धातु, अग्नि, ओज, पंचकर्म दिनचर्या आदि के आधार पर अनेक रोगों में अद्भुत प्रभाव दिखाता है। आयुर्वेद से मिलती जुलती यूनानी पद्धति, फिजियोथैरेपी, योग एवं नेचुरोपैथी भी अनेक रोगों के निदान और स्वस्थ्य जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए किसी भी चिकित्सा प्रणाली को कमतर आंकना और अपनी पद्धति को सर्वोपरि मानना निरी मूर्खता के साथ रोगी के स्वास्थ्य के साथ अन्याय भी है।

इसके अतिरिक्त होम्योपैथी के प्रति एक आम भ्रांति भी प्रचलित है कि इसकी दवाओं के कोई साइड इफेक्ट नहीं होते और इन्हें कभी भी, किसी भी मात्रा में लिया जा सकता है। यह धारणा अत्यंत खतरनाक है। होम्योपैथिक दवाएं सूक्ष्म मात्रा में भी अत्यंत शक्तिशाली होती हैं और यदि इन्हें गलत पोटेंसी या गलत मात्रा में दे दिया जाए तो यह हानि भी पहुंचा सकती हैं। मेरे एक परिचित की पत्नी ने सफेद दाग के लिए आर्स सल्फ फ्लव नामक एक दवा को इंस्टा में एक रील देखकर लेना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, केवल आंखों के ऊपर स्थित छोटा सा सफेद दाग 2 महीने के भीतर शरीर के लगभग 25% भाग में फैल गया। कुछ ऐसा ही प्रभाव सल्फर जैसी दवाओं में भी देखा जाता है जिसको गलत तरह से लेने पर त्वचा रोग विकराल रूप धारण कर सकते हैं क्योंकि जिस दवा में रोग-नाशक शक्ति होती है वह गलत हाथों में पड़कर जोखिम का कारण भी बन सकती है। यद्यपि होम्योपैथी के इस तरह के नकारात्मक प्रभाव अक्सर त्वचा संबंधित रोगों में ज्यादा देखने मिलते हैं जिसे चिकित्सीय भाषा 'एग्रवेशन' कहते हैं और एक योग्य चिकित्सक इसे संतुलन में लाने की सामर्थ्य भी रखता है।

*(लेखक होम्योपैथिक चिकित्सक हैं)*

## लंबा जीवन वह है- जिसमें ऊर्जा, ताकत, रिश्ते व मुस्कुराने की फुर्सत हो

# एक जिंदगी में कई जीवन जीएं या कई बीमारियां, फैसला आपका



यश ओबेरॉय

पच्चीस साल पहले मैंने एक लेक्चर में एक बात सुनी थी। जीवन लंबा नहीं, सार्थक होना चाहिए। तब ये वाक्य बस एक विचार था, लेकिन आज, जब मैं खुद अपने जीवन में कई बदलाव देख चुका हूं, तो लगता है यह विचार नहीं, यह जीवन की दिशा है। आज दुनिया में औसत जीवन-आयु लगभग 73 साल है। भारत में लोग औसतन 72 साल तक जी रहे हैं, पर पूरी तरह स्वस्थ जीवन सिर्फ 58 साल तक ही रहता है। मतलब ये कि हम लगभग 14 साल ऐसे जीते हैं जब शरीर साथ तो देता है, पर हम अपनी असली क्षमता से दूर होते हैं। अगर राज्यों की बात करें, तो छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेशों में औसत जीवन-आयु अब भी करीब 65 साल के आसपास है। इन आंकड़ों का मतलब है- लंबा जीवन जरूरी है, पर स्वस्थ जीवन ज़्यादा जरूरी है। कभी-कभी सोचिए?.अगर कोई व्यक्ति 70 साल जीए, लेकिन आख़िरी 20 साल बिस्तर पर बीमार रहकर बिताए, तो क्या हम उसे सफल जीवन कहेंगे? अगर शरीर बोझिल हो, दवाइयों पर निर्भरता हो, नींद कम और तनाव ज़्यादा हो... तो लंबी उम्र भी कभी-कभी सज़ा जैसी लग सकती है। स्वस्थ रहना अब किसी विलासिता की चीज़ नहीं, बल्कि ज़रूरत है, क्योंकि दुनिया तेजी से बदल रही है। दिल की बीमारियां, डायबिटीज़, मोटापा, मानसिक तनाव और नींद की कमी- ये पांच सबसे बड़े कारण हैं जिनसे लोग जल्दी थक जाते हैं, और धीरे-धीरे जीवन का आनंद खो देते हैं। असल बात यह नहीं कि हमने कितने साल जीए, बल्कि यह कि हमने कितने सालों तक सच में जी लिया। लंबा जीवन तभी मायने रखता है जब उसमें काम करने की ऊर्जा, चलने की ताकत, मुस्कुराने की फुर्सत और रिश्ते निभाने का हौसला बना रहे। सेहत अपने आप नहीं आती, उसे बनाना पड़ता है। और इसकी शुरुआत बहुत छोटी-छोटी चीज़ों से होती है.. खाने से, चलने से, सोने से, सोचने से। अगर हम अपने दिन का थोड़ा-सा हिस्सा भी अपने शरीर और मन के लिए निकाल दें, तो ये थोड़ा ही एक दिन सबसे बड़ा अंतर बना देता है। वजन सिर्फ एक नंबर नहीं, एक संकेत है। धीरे-धीरे संतुलन लाना ज़्यादा फायदेमंद है। शरीर वही लौटाता है जो आप उसे देते हैं। ज्यादा प्रोसेस्ड फूड, कम नींद, और असंतुलित डाइट धीरे-धीरे शरीर को थका देती है। खाने को सरल, रंगीन और प्राकृतिक रखिए। रोज़ाना 30 मिनट का चलना, योग या हल्की एक्सरसाइज भी शरीर को सालों जवान रख सकती है। याद रखिए, कोई भी दिन ऐसा नहीं होना चाहिए जब शरीर हिला ही न हो।

*(लेखक फिटनेस के जानकार हैं)*

## सटाका




## आज की पाती

### पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से इंजन पर पड़ रहा असर


हाल के दिनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेण्डेड पेट्रोल (ई20) देशव्यापी स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यानी अब से जो पेट्रोल आप गाड़ियों के लिए इस्तेमाल करेंगे, उसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला होगा। बता दें कि 2014 में पेट्रोल में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था। इथेनॉल एक तरह का बायोफ्यूल है, जो मुख्य रूप से गन्ने की प्रोसेसिंग के दौरान बनता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ़ फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता घटती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है। पर इसका एक साइड-इफ़ेक्ट भी है। 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की ब्लेण्डिंग पर पुराने इंजन जल्दी घिसने लगते हैं।

- मुकेश अवस्थी, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# यूएई को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित वाशिंगटन यात्रा की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह इस खाड़ी देश को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेंगे। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में इस बात को लेकर चिंता है कि इस तरह की बिक्री से चीन को उन्नत हथियार प्रणाली के पीछे की अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह सऊदी अरब को ये विमान बेचेंगे तो उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि हम ऐसा करेंगे। हम एफ-35 बेचेंगे।'' उन्होंने कहा, "वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहे हैं।" यह सात वर्षों से अधिक समय में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा होगी इसलिए उम्मीद की जा रही है कि वह अपनी इच्छाओं और मांगों की एक सूची लेकर आएंगे, जिसमें ट्रंप से अपने देश के लिए अमेरिकी सैन्य सुरक्षा के दायरे को परिभाषित करने का औपचारिक आश्वासन और अमेरिका में निर्मित दुनिया के सबसे उन्नत विमानों में से एक एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने का समझौता शामिल है। तीन प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि रिपब्लिकन प्रशासन यह नहीं चाहता कि इस लड़ाकू विमान के सौदे से इजराइल की उसके पड़ोसियों के बीच गुणात्मक सैन्य बढ़त कम हो, खासतौर से ऐसे वक्त में जब ट्रंप अपनी गाजा शांति योजना की सफलता के लिए इजराइली समर्थन पर निर्भर हैं।



## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण में कमी मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

उत्तरी गोलार्ध में सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही बादलों से घिरे सर्द दिनों का भी आगमन हो गया है। बादल पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न सिर्फ बारिश की बूंदें बरसाते हैं, बल्कि सूर्य की किरणों के धरती पर पहुंचने से पहले उन्हें अंतरिक्ष में परावर्तित भी करते हैं। हालांकि, 2003 से 2022 के बीच उत्तर अटलांटिक और उत्तर-पूर्व प्रशांत महासागर क्षेत्र के ऊपर के बादल कम परावर्तक हो गए, जिससे समुद्र की सतह पर धूप की पहुंच बढ़ गई और उसके तापमान में वृद्धि देखने को मिली। मेरे और मेरे सहकर्मियों के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि वायु गुणवत्ता सुधारने के वैश्विक प्रयासों ने बादलों की क्रिया में बदलाव लाकर अनजाने में जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। स्वच्छ आबोहवा मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है, लेकिन कण प्रदूषण की मात्रा घटने से बादलों के शीतलन प्रभाव में भी कमी आई है, जिससे ग्लोबल वॉर्मिंग की प्रक्रिया तेज हो गई है। बादलों पर कण प्रदूषण के स्तर में बदलाव और ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभाव का आकलन करने के लिए हमने अपने अध्ययन में दो दशक के उपग्रह डेटा का इस्तेमाल किया। ये डेटा दिखाता है कि उत्तरी गोलार्ध में वायु मंडल के सबसे निचले स्तर में पाए जाने वाले बादल 2003 के बाद से तेजी से कम परावर्तक होते गए हैं।



## ट्रेंड

### विधि विज्ञान प्रयोगशाला

'नया उत्तर प्रदेश' अपराध और अपराधियों को स्वीकार नहीं करता, अगर किसी ने अपराध किया तो उसकी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। गोरखपुर में आज सरल, सुगम एवं त्वरित न्याय हेतु क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण किया।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### समस्याओं का समाधान

वर्षों से अटकी समस्याओं का हमारी सरकार समाधान निकाल रही है। आठ महीनों में ही डीटीसी के बेड़े में बड़ी संख्या में ई-बसें शामिल की हैं, जिससे दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को नई गति और स्वच्छ दिशा मिली है। हम लगातार नए-नए प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर रहे है।


- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### जनता का विश्वास

लठैतवाद की लाठी, छद्मवाद का छल व जंगलराज की विरासत तीनों मिलकर जितना ज्यादा भ्रम का मायाजाल बुनते हैं, जनता का विश्वास उतना ही भाजपा और एनडीए के प्रति अडिग होता जाता है।

- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र



### हम करके दिखाते हैं

हमारे कर्मों में हमारे द्वारा किए गए वादे छिपे होते हैं। नए आसमान खोलने, आपके सपनों को क्षितिज तक ले जाने और उड़ान के दौरान आपका हाथ थामने के वादे। आपके सफ़र में हमसफ़र बन जाते हैं। नए आसमान आ गए हैं! हम करके दिखाते हैं!

- गौतम अडानी, उद्यमी



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


## बड़वाले महादेव सहित अन्य मंदिरों में भगवान को पहनाई जा रहीं गर्म कपड़ों की पोषाकें

# सर्दी शुरू होते ही बदले भगवान के श्रृंगार व पोशाक, गर्म व्यंजनों का लग रहा उत्तम भोग, ओढ़ाई जा रही रजाई व शॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शरद ऋतु के शुरू होने के साथ ही राजधानी के प्रमुख मंदिरों के पट खुलने व बंद होने का समय बदलने के साथ ही भगवान का श्रृंगार और खानपान भी बदल गया है। श्री बड़वाले महादेव मंदिर सहित अन्य राजधानी के अन्य मंदिरों में भगवान को सर्दी से बचाने गर्म कपड़ों की पोशाक पहनाने के साथ ही रजाई, शॉल ओढ़ाई जा रही है। सर्दी का मौसम शुरू होने के साथ ही रात जल्द होने लगी हैं। इसे देखते हुए मंदिरों के खुलने का समय भी बदल गया है। श्री बड़वाले महादेव मंदिर, बिड़ला मंदिर,गुफा मंदिर,श्रीजी मंदिर भवानी मंदिर सहित नगर के प्रमुख मंदिरों में मंदिर खुलने और पट बंद होने का समय बदल गया है।


पीर गेट स्थित भवानी मंदिर में विराजे राधा-कृष्ण को गर्म कपड़े पहनाए गए हैं।


पीर गेट स्थित भवानी मंदिर मां के विशेष श्रृंगार के साथ गर्म शॉल ओढ़ाया गया है।

### रुई के कोर्ट बचा रहे भगवान को सर्दी से

लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर (हवेली) में विराजमान श्रीजी प्रभु की हवेली में सर्दी से बचाव के इंतजाम किए गए हैं। प्रभु को मोटे रुई के वस्त्र व रुई का कोर्ट (दंगल) पहनाया जा रहा है। भोग में सौंठ, तिल्ली-गुड़ से निर्मित बर्फी को शामिल किया जा रहा है। कीर्तन में भी गर्म राग यानि हिलांग शुरू हो गई है। अधिक ठंड बढ़ने पर प्रभु जी के पास कोयले की सिगड़ी जलना शुरू हो जाएगी। बसंत पंचमी तक श्रीजी प्रभु किसी भी प्रकार के उत्सव के लिए निजी मंदिर से बाहर नहीं जाएंगे। गर्भगृह की खिड़कियों में रजाई के पर्दा लगाए गए हैं। तो वहीं सोमवारा चौक स्थित भवानी मंदिर में विराजमान माता रानी को श्रृंगार स्वरूप प्रतिदिन गरम ऊनी वस्त्रों की पोशाक पहनाई जाती है। साथ ही भोग-प्रसादी में गरम भोज्य पदार्थों को शामिल किया जाता है। इसी तरह श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति की ओर से भगवान बाबा बटेश्वर के सामने अलाव जलाया जाने लगा है। भगवान को गरम वस्त्र एवं शाल ओढ़ाई जा रही है। तो वहीं भोगा के रूप में तिल- गुड़ एवं अन्य पदार्थों से बने गर्म व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित किया जा रहा है।



### प्रो. गुप्ता ने कुलसचिव का दायित्व संभाला



**भोपाल।** राजधानी से सटे सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में प्रो. राम निवास गुप्ता ने मंगलवार को नए कुलसचिव का पदभार ग्रहण किया है। प्रो. गुप्ता ग्वालियर के पीएम उत्कृष्ट शासकीय पीजी कॉलेज में गणित के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष रहे हैं। 31 वर्षों का शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अनुभव रखने वाले प्रो. राम निवास गुप्ता एमएससी (गणित) व एम.फिल (गोल्ड मेडलिस्ट) हैं। उन्होंने अपनी पीएचडी भी फर्टिलिटी मॉडलिंग में की है। प्रशासनिक रूप से वे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नैक समिति की विभिन्न कार्ययोजनाओं में नोडल ऑफिसर रह चुके हैं। वे यूपीएससी तथा एमपीपीएससी में भी बतौर ऑवज़र्वर रहे हैं।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान आज

**भोपाल।** राजधानी में सफाई मित्रों सहित स्वच्छता एवं जल स्त्रोतों की संरक्षण की गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को नगर निगम बुधवार को सम्मानित करेगा। बुधवार को सुबह 9 बजे मानस भवन में होने वाले सम्मान समारोह की तैयारियों की मंगलवार को महापौर मालती राय ने समीक्षा की व सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व करने के निर्देश दिए। आईएसबीटी स्थित महापौर कार्यालय कक्ष में हुई समीक्षा बैठक में निगम अपर आयुक्त वरूण अवस्थी, आरके सिंह बघेल, सुषमा बावीसा, मनोज राठौर सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### अदाणी का 'समुद्री चमत्कार', भारत का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट

# अरब सागर पर उभरा नया समुद्री पावर हाउस 'विझिन्हम बंदरगाह'

तिरुवनंतपुरम से लौटकर: सचिन सिंह बैस ⏭

भारत में पहली बार ऐसा बंदरगाह खड़ा हुआ है जो सिर्फ जहाजों का स्टॉप नहीं, बल्कि पूरे अरब सागर क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को हिलाने की क्षमता रखता है। जिसका नाम है विझिन्हम इंटरनेशनल डीपवॉटर सीपोर्ट। अरब सागर के तेज झोंकों के बीच तिरुवनंतपुरम के दक्षिणी छोर पर खड़ा विझिन्हम बंदरगाह आज सिर्फ एक नया पोर्ट नहीं, बल्कि भारत की समुद्री आर्थिक महत्वाकांक्षाओं का ताजा प्रतीक बन चुका है। अदाणी समूह और केरल सरकार की साझेदारी से विकसित विझिन्जम अंतरराष्ट्रीय गहरे पानी का बहुउद्देशीय बंदरगाह भारत के समुद्री इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसने देश के वैश्विक व्यापार में एक नया अध्याय जोड़ा है। इसे अदाणी 'समुद्री चमत्कार' इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह भारत का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है।

**खास बातें**

- भारत अब समुद्री व्यापार में 'लुकिंग ग्लास' नहीं, बल्कि बनेगा 'कंट्रोल टावर'
- देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट

यह बंदरगाह भारत के समुद्री सपनों को वास्तविकता में बदलने वाला पहला बड़ा कदम है। वो लोकेशन जिसे दुनिया गोल्ड माइन कहती है, विझिन्हम बंदरगाह उस जगह पर है जहां से दुनिया का सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग गुजरता है। यूरोप-गल्फ-दक्षिण एशिया समुद्री कॉरिडोर सिर्फ 10 नौटिकल मील की दूरी जहाजों को जरा भी मोड़ नहीं इस पोजिशनिंग का मतलब है, भारत अब समुद्री व्यापार में 'लुकिंग ग्लास' नहीं, बल्कि 'कंट्रोल टावर' बनेगा। विझिन्जम बंदरगाह देश का पहला समर्पित कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है। अब तक भारत में गहरे पानी के कंटेनर ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह का अभाव रहा है। वर्तमान में भारत का 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट कार्गो विदेश के बंदरगाहों पर संभाला जाता है, लेकिन इसके आने से भारत के लिए परिस्थितियां बदल जाएंगी। यह बंदरगाह भारत का बहुत सा धन बचाएगा। कार्गो की ट्रांसशिपमेंट हैंडलिंग से भारतीय बंदरगाहों को हर साल संभावित राजस्व में 200-220 मिलियन डॉलर तक का नुकसान होता है। यह पोर्ट रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है और वैश्विक व्यापार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।


विझिन्हम बंदरगाह का एक दृश्य।

### सभी मौसम के अनुरूप

विझिन्जम बंदरगाह सभी मौसम में काम करने वाला बंदरगाह होगा। यह लगभग 24,000 टीईयू क्षमता के नई पीढ़ी के जहाजों को खड़ा कर सकता है। इसकी देश के अंदर कनेक्टविटी भी शानदार है। सलेम और कन्याकुमारी को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 47 इस बंदरगाह से दो किमी की दूरी पर है। बंदरगाह को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला राष्ट्रीय रेल नेटवर्क 12 किमी की दूरी पर है। त्रिवेन्द्रम इंटरनेशनल एयरपोर्ट बंदरगाह से 15 किमी की दूरी पर है।

### नए लॉजिस्टिक कैपिटल के रूप में उभरेगा तिरुवनंतपुरम

भविष्य की ओर देखें तो विशेषज्ञ मानते हैं कि 2030 तक विजिन्हम बंदरगाह 5-7 मिलियन डालर सालाना क्षमता हासिल कर सकता है। इससे न केवल कोलंबो पर भारत की निर्भरता लगभग आधी हो सकती है, बल्कि दक्षिण भारत के निर्यातकों को सीधे बड़ा लाभ मिलेगा और तिरुवनंतपुरम नए लॉजिस्टिक कैपिटल के रूप में उभर सकता है। विजिन्हम की लहरों के बीच खड़े होकर साफ महसूस होता है कि भारत अब समंदर को केवल एक प्राकृतिक सीमा नहीं, बल्कि आर्थिक शक्ति-स्त्रोत की तरह देख रहा है।



### जेपी अस्पताल का मामला, जूनियर कर रहे थे मरीजों का इलाज

# 12 डॉक्टर ओपीडी टाइम में मिले गायब नोटिस देकर मांगी आधे दिन की सीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल जेपी अस्पताल में ओपीडी टाइम में ड्यूटी डॉक्टरों का गायब रहने का सिलसिला थम नहीं रहा है। कलेक्टर से लेकर सीएमएचओ के निर्देश के बाद भी डॉक्टर अस्पताल में समय नहीं पहुंच रहे है। खासकर शाम की ओपीडी में तो एक भी डॉक्टर नहीं मिलता। इसका खुलासा तब हुआ जब अधीक्षक डॉ. संजय जैन ने शाम की ओपीडी पहुंचे तो चौंक गए। यहां एक भी सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं था। कुल 12 डॉक्टर ड्यूटी से गायब पाए गए, कई वार्ड जूनियर डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के भरोसे चल रहे थे। कई वार्डों में स्पेशलिस्ट डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे, जिससे मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। मरीजों ने टीम से शिकायत की कि डॉक्टर आते नहीं, और इलाज का इंतजार हम करते रह जाते हैं। डॉ. जैन ने बताया कि अनुपस्थित पाए गए सभी 12 डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया है। दूरभाष पर भी उनसे पूछा गया कि ड्यूटी टाइम में कहां थे। सभी को एक हफ्ते में लिखित स्पष्टीकरण देना होगा।

### अब वेतन सिर्फ सार्थक एप की उपस्थिति पर

अधीक्षक ने स्पष्ट कर दिया कि इस माह से वेतन केवल सार्थक ऐप की उपस्थिति के आधार पर बनेगा। बिना ऐप अटेंडेंस के वेतन बिल तैयार हुआ तो कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। अस्पताल प्रबंधन ने यह भी तय किया कि हर दिन औचक निरीक्षण होगा, ताकि स्टाफ मनमानी न कर सके। बिना ड्रेस वाले वार्ड ब्वॉय का वेतन भी कटेगा। निरीक्षण के दौरान वार्ड ब्वॉय को लेकर भी गंभीर शिकायतें मिली। **इन विभागों के डॉक्टर नहीं मिले-** आई ओपीडी मेडिसिन, आथोर्पेडिक्स, मनोरोग, डेंटल और पीडियाट्रिक्स वार्ड में डॉक्टर नहीं थे।

### यूजीसी एंटी रैगिंग हेल्प लाइन पर शिकायत

# बीयू: लॉ डिपार्टमेंट और यूआईटी के छात्रों के बीच हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के लॉ डिपार्टमेंट के दो छात्रों के साथ बीयूआईटी के मुंशीप्रेमचंद्र हॉस्टल में रहने वाले कुछ छात्रों के बीच मारपीट की शिकायत सामने आई है। इसकी शिकायत यूजीसी को भी की गई है। इसके बाद बुधवार को बीयू में प्रोक्टोरियल बोर्ड की बैठक बुलाई गई है। बैठक मेंपीड़ित और आरोपी छात्रों से पूछताछ की जाएगी। बताया गया है कि होस्टल में रहने वाले लॉ डिपार्टमेंट के कुछ जूनियर छात्रों के साथ बीयूआईटी के कुछ छात्रों ने मारपीट कर दी, जिसकी शिकायत यूजीसी को की गई। मंगलवार को बीयू प्रशासन के पास शिकायत आने के बाद विवि में बुधवार को प्रोक्टोरियल बोर्ड की बैठक बुलाई गई है। बीयू के लॉ विभाग की अध्यक्ष डा मोना पुरोहित के अनुसार इस मामले में अभी फिलहाल कोई अपडेट जानकारी नहीं है।

छात्रों के बीच विवाद का मामला सामने आया था। बताया गया है कि आपसी विवाद पिछले एक हफ्ते से चल रहा था। तीन दिन पहले भी बीयूआईटी और लॉ डिपार्टमेंट के होस्टल में रहने वाले कुछ छात्रों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद रविवार को भी आपस में विवाद हुआ था। इसके बाद सोमवार को कुछ बाहर के छात्र आए और विवाद के दौरान मारपीट करने की बात सामने आई है।

### सुरक्षित रेल संचालन जरूरी: महाप्रबंधक

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को सेफ्टी रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। बैठक में संरक्षा, समयपालनता, स्टेशन पुनर्विकास, अधोसंरचना निर्माण कार्यो एवं रेलवे के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को शर्दियों के मौसम में कोहरे के समय सेफ्टी अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित कार्यो एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

- सेफ्टी रिव्यु की बैठक संपन्न

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने की उच्च शिक्षा मंत्री से भेंट

# एबीवीपी: नैक में गलत एसएसआर प्रस्तुत करने वाले दोषियों पर हो एफआईआर, विवि में लागू हो धारा 54

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने मध्य भारत प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के तकनीकी एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) की नैक एसएसआर रिपोर्ट में अकादमिक अनियमितताओं के प्रमाण सौंपते हुए कुलपति एवं अन्य संबंधित दोषियों पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अभाविप ने आरोप लगाया है कि विवि द्वारा पोर्टल पर अपलोड की गई एसएसआर रिपोर्ट में कई गलत तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं। जिसने विवि की शैक्षणिक स्तर, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वास्तव में यह एसएसआर नैक टीम आने से पहले सार्वजनिक होना था, जो 17 नवंबर को वेबसाइट पर अपलोड किया गया।


अभाविप का प्रतिनिधि मंडल।

### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

अभाविप मध्यभारत के प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि आरजीपीवी की एसएसआर रिपोर्ट में कई गंभीर त्रुटियां हैं तो कई जानकारी वास्तविकता से विपरीत हैं। जो एक गंभीर अकादमिक भ्रष्टाचार है। रिपोर्ट में कई ऐसे तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं, जो प्रथम दृष्टया ही झूठे सिद्ध होते हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री एवं मध्यप्रदेश सरकार को तुरंत दोषियों पर धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करनी चाहिए तथा विवि में तत्काल प्रभाव से धारा 54 लागू करना चाहिए।

### नशा मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ पर आयोजन

# सामाजिक संस्थाओं के योगदान को लेकर गायत्री परिवार को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित 'नशा मुक्त भारत अभियान' की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगलवार को राजधानी में एक प्रभावी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मंत्री नारायण कुशवाहा ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून से नहीं, बल्कि सामाजिक जागरुकता, एकजुट प्रयासों और सकारात्मक संस्कारों से ही जीती जा सकती है। उन्होंने इस दिशा में लंबे समय से कार्य कर रहीं सामाजिक संस्थाओं की भूमिका की सराहना की। विशेष रूप से, उन्होंने व्यसन-मुक्ति के क्षेत्र में गायत्री परिवार और ब्रह्माकुमारीज़ के निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण की प्रशंसा की। इस अवसर पर, मंत्री कुशवाहा ने व्यसन-मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए गायत्री परिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते हुए गायत्री परिवार के प्रतिनिधि रमेश नागर ने कहा कि उनके गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने संस्कार-योजना के माध्यम से व्यसन-मुक्ति को एक सामाजिक आंदोलन बनाया, जो आज लाखों लोगों को सही दिशा दे रहा है। कार्यक्रम का समापन एक राष्ट्रव्यापी संकल्प के साथ हुआ, जिसमें केंद्रीय सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र अमृतसर से लाइव जुड़े।


गायत्री परिवार को सम्मानित करते मंत्री कुशवाहा।

### पीड़ित महिला ने कलेक्टर की जनसुनवाई में लगाई मदद की गुहार

# पत्नी को घर से भगाकर बांग्लादेशी महिला के साथ रह रहा पति

135 लोगों ने पेश किए शिकायती आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साहब, पति ने मेरे साथ मारपीट कर मुझे घर से भगा दिया, जबकि खुद बांग्लादेशी महिला के साथ रह रहे हैं। जब इसकी शिकायत नरसिंहगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब आप ही मेरी मदद कीजिए। यह गुहार मंगलवार को एक महिला ने जनसुनवाई में लगाई है। जिसकी जांच एडीएम सुमित पांडे ने राजगढ़ एसपी को सौंपी है। वहीं सेना से रिटायर्ड सैनिक की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई है कि एसबीआइ के अधिकारी और कर्मचारी ब्याज लगाकर मकान हड़पना चाहते हैं। इस तरह जनसुनवाई में करीब 135 आवेदकों ने अधिकारियों को अपनी समस्या बताते हुए न्याय मांगा है।

संत हिरदाराम नगर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी ससुराल राजगढ़ जिले के देवगढ़ के पास है। मेरे पति द्वारा मेरे साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है, वह मुझे अपने साथ नहीं रखना चाहते हैं। पति कोई अज्ञात बांग्लादेशी महिला के साथ रह रहे हैं। उस महिला का कोई पता ठिकाना नहीं है, जब अपनी ससुराल गई तो मेरे साथ मारपीट की गई। जिसकी सूचना नरसिंहगढ़ थाने में दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।


जनसुनवाई के दौरान पीड़ित लोग।

### सैनिक की पत्नी का मकान हड़पने पर जुटे बैंक अधिकारी

इंडस रेजेंसी नवीबाग निवासी छाया सिकरवार ने शिकायत की है कि उनके पति संजय सिंह सिकरवार सेना से रिटायर्ड हैं और चार साल पहले बिना बताए चले गए हैं। उन्होंने नवीबाग में 42 लाख रुपए कीमत का मकान खरीदा था, जिसमें 21 लाख रुपए नकद व 21 लाख रुपए का लोन वर्ष 2018 में एसबीआई शाखा मिसरोद रोड से पेंशन पर लिया था। मकान की रजिस्ट्री पति के नाम से हैं, पति की पेंशन से अब तक 11 लाख 62 हजार रुपए जमा किया जा चुका है।

### शराबी पति नहीं लौटा रहा बेटी, दंगा पीड़ित ने किया हंगामा

कृषक कालोनी की रहने वाली महिला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसका पति शराब पीकर आए दिन मारपीट करते हैं। ऐसे में उनके साथ रहना मुश्किल हो गया है। पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में पति ने मेरी तीन साल की बेटी को अपने साथ रख लिया है, जिसकी देखभाल ठीक से नहीं हो पा रही है।

### वरिष्ठ अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# कोहरे में समय व सुरक्षित चलें ट्रेनें, पमरे जोन ने ट्रेनों में 341 फॉग सेफ डिवाइस लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सर्दी का सीजन शुरू हो गया है, लेकिन अभी तक कोहरा नहीं पड़ रहा है। इसके बाद भी रेलवे की ओर से कोहरे के सीजन में ट्रेनों का संचालन सुचारू रूप से संचालित हो सके। इसके लिए तैयारी की जा रही है। इसी के तहत भोपाल रेल मंडल सहित पमरे जोन में कोहरे के मौसम में संरक्षित रेल संचालित के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। इसमें रेल संचालन से जुड़े कर्मचारियों को विशेष निर्देश के साथ बाधा रहित ट्रेन संचालन में उपयोगी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार सर्दियों के मौसम में कोहरे के दौरान पमरे जोन में लोको पायलटों को लोको में उपयोग के लिए 341 फॉग सेफ डिवाइस दिए गए है।

2025 में बेटी को दिया जन्म, पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के बाद पति को सौंपा

# चार साल पहले लापता हुई नाबालिग कृषि मंडी के पास अस्सी फीट रोड से मिली... बंधक बनाकर रखते थे माता-पिता, जबरन कराना चाहते थे शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के तहत निशातपुरा पुलिस ने साल 2021 से अगवा 17 साल की किशोरी को चार साल बाद सकुशल दस्तयाब किया है। वह अब 21 साल की है और उसने साल 2023 में एक युवक के साथ मंदिर में शादी कर ली थी। कुछ माह पूर्व उसने एक बेटी का जन्म दिया है। नाबालिग का कहना है कि वह माता-पिता की प्रताड़ना से परेशान होकर घर से चली गई थी। उसे ताले में बंद करके रखा जाता था। परिजन जबरन उसका विवाह कराना चाहते थे। पुलिस का कहना है कि दस्तयाब करने और कोर्ट में बयान कराने के बाद युवती को उसके पति के साथ भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार साल 2021 में 17 साल की किशोरी बिना बताए कहीं चली गई थी। मां की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। चार साल तक तलाश करने के बाद भी अगवा किशोरी का सुराग नहीं लग सका। इस बीच पुलिस को किशोरी के मोबाइल की लोकेशन व अन्य अहम सुराग मिले। लोकेशन के आधार पर खोजती हुई पुलिस की टीम ने दो दिन पहले युवती को कृषि मंडी के पास अस्सी फीट रोड से दस्तयाब कर लिया। उसके साथ उसका पति व बेटी भी थी।

## बुजुर्ग महिला ने दिया सहारा

21 साल की युवती ने अपने बयान दर्ज कराते हुए बताया कि घर से भागकर वह उज्जैन चली गई थी। कुछ दिन वहां घूमने के बाद वह भोपाल आ गई। यहां एक गांव में एक बुजुर्ग महिला मिली जो अकेली रहती थीं। बुजुर्ग महिला ने उसे अपने घर में पनाह दी। युवती घरों में काम करने जाने लगी। इस बीच गांव में उसने मोहल्ले का एक युवक मिला। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। साल 2023 में 19 साल की उम्र में युवती ने युवक से तरावली बैरसिया स्थित मंदिर में शादी कर ली और साथ रहने लगे। साल 2025 में युवती ने एक बेटी को जन्म दिया। एसआई कोमल सिंह ने बताया कि युवती अपने पति के साथ रहना चाहती थी, इसलिए बयान दर्ज कराने समेत सभी कानूनी कार्रवाई करने के बाद युवती को पति के हवाले कर दिया। इससे पहले माता-पिता से भी उसकी मुलाकात कराई गई।

## 32 साल की टीचर ने प्रिंसिपल पर लगाए छेड़छाड़ के आरोप

नजीराबाद कस्बे के एक शासकीय स्कूल के प्रिंसीपल पर टीचर ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए है। पुलिस ने महिला टीचर की शिकायत पर प्रिंसिपल पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 32 साल की महिला टीचर ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि अप्रैल में स्कूल में नए प्रिंसीपल ने प्रभार संभाला है। वह मनचले स्वभाव के हैं और आए दिन कमेंट्स करते हैं। वह जबरन उस पर मानसिक रूप से दबाव बना रहे हैं।



इधर, प्रिंसीपल का कहना है कि टीचर समय पर स्कूल नहीं आती है। उन्हें समय पर स्कूल नहीं आने के कारण टोका गया था। इससे नाराज होकर उन्होंने झूठी शिकायत दर्ज कराई है।

### बेटी को मोबाइल पर कर रहा था परेशान

कोलार पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर उसके पिता पर छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। युवती का आरोप है कि पिता करीब आठ साल से उसके साथ अश्लील हरकत कर रहा है। गत वर्ष उसने महिला थाने में भी पिता के खिलाफ शिकायत की थी। महिला थाना पुलिस ने उसकी काउंसलिंग कराई, एफआईआर दर्ज नहीं की। इधर पिता की हरकतें बढ़ते ही जा रही थी। इस बार उसने पिता की शिकायत कोलार थाने पहुंचकर की और पुलिस ने छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दो साल पहले मां का निधन हो गया तो पिता की हरकत बढ़ने लगी। वह बेड टच और अश्लील बातें करने लगा।

## खबर संक्षेप



### परेश नागर ने बीएलओ से समझी पूर्ण प्रक्रिया

**औबेदुल्लागंज।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने अपने ग्राम के बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाता सूची एवं एसआईआर की प्रक्रिया समझी और फार्म भरने में आ रही लोगों को दिक्कतों पर चर्चा की। ज्ञात हो कि इन दिनों सरकार द्वारा पूरे शहर में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ मतदाताओं के के घर-घर जाकर फार्म का वितरण कर उसमें अपनी जानकारी भरने की बात कर रह हैं।

### हत्या का प्रयास के दोषी को 4 वर्ष की सजा

**भोपाल।** पुलिसकर्मियों पर धारदार हथियारों से हमला कर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी दीपक भोई पुत्र मोहन सिंह उर्फ छोटू पेंटर (20) निवासी आराधना नगर भोपाल को अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार शाही ने भादंसं की धारा -148,149, 307 एवं 333 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 4 वर्ष के कठोर कारावास और 3000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक सतीश सिमैया द्वारा पैरवी की गई।

### अर्जुन नगर में श्मशान घाट बनवाने की मांग

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता एवं स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा, वचन लोधी, आरती चौहान, पदम चौहान, आरती शर्मा, धर्मेंद्र चौरसिया, इंग्लेश यादव, माखन सेन ने अर्जुन नगर में श्मशान घाट बनवाने की फिर अवाज उठाई। अर्जुन नगर में अपराधी बढ़ रहे हैं, जुआ-सट्टा और गांजा सरे खिलाया जा रहा है। अर्जुन नगर में 9 जगह सट्टा लिखा जाता है। किसानों की ट्रैक्टर ट्रॉली से धान और गेहूं की बोरियां दिनदहाड़े चोरी हो रही हैं। कच्ची अवैध दारू बेची जा रही है। इसलिए अर्जुन नगर चौराहे पर कैमरे लगाने और पुलिस चौकी खोलने की मांग की है।

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़े में कई उम्मीदवार

**औबेदुल्लागंज।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष का एक माह में चयन होने के लिए कांग्रेस में राजनीति तेज हो गई है। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष महेश जैन फिर अध्यक्ष बन सकते हैं। वही हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पार्षद राजेश खटीक का नाम सबसे ऊपर है। परेश नागर, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू मेहरा, हरजीत सिंह मग्गू भी दौड़ में शामिल हो गए हैं। दुर्गेश यादव भी तिकडम लगा रहे हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता उत्तम यादव ने बताया कि कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लोगों को साथ लेकर चलने वाला बनेगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0527 | | |
| दिन: | 469 | 96 | 268 |
| रात: | 336 | 29 | 234 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 226 | 03 | 247 |
| रात: | 990 | 84 | 257 |

बायपास चौराहा बिलखिरिया में हुआ हादसा

# बाइक सवार परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर बुजुर्ग महिला की मौत, पिता और पुत्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित बायपास चौराहे पर मंगलवार दोपहर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वह अपने पति व बेटे के साथ रायसेन से रिश्तेदार की शव यात्रा में शामिल होकर लौट रही थीं। हादसे में पति व बेटे को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### रायसेन से घर लौट रहा था परिवार

पुलिस ने बताया कि ग्राम सेमरी सरवर थाना रातीबड़ निवासी सवाई सिंह मजदूरी करते थे। मंगलवार 18 नवंबर की दोपहर करीब तीन बजे वह गमी में शामिल होकर अपनी पत्नी ममता सिंह (65) व बेटे वीरेन्द्र (25) के साथ रायसेन से घर लौट रहे थे। मोटरसाइकिल बेटा वीरेन्द्र सिंह चला रहा था। उसी दौरान बायपास चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सवाई सिंह, उनकी पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को हमीदिया अस्पताल रवाना किया गया। वहां डॉक्टर ने ममता सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### सो रहे बुजुर्ग पर गिरी दीवार, मौत

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित सपौआ गांव में ईंट की दीवार गिरने से अस्सी साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के समय वह दीवार के पास खाट पर सो रहे थे, तभी एकाएक दीवार भरभराकर गिर गई। पुलिस ने मर्ग कामय कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि गांव में मान्यता है कि यहां केवल कच्चे मकान ही बनते हैं। लिहाजा खेत में केवल ईंट जमाकर दीवार बनाई गई थी। उसमें जुड़ाई और प्लास्टर नहीं था। पुलिस के अनुसार शीतल गिर (80) गांव सपौआ, तहसील बैरसिया में रहते थे। उनका परिवार खेती किसानी करता है।

#### किसी भी घर में नहीं है चुनाई

मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक वीरेंद्र ने बताया कि सपौआ गांव में किसी भी मकान में ईंट की जुड़ाई और प्लास्टर नहीं कराया गया है। लोगों ने बताया कि पुरानी मान्यता है कि गांव में पक्के मकान नहीं बनाए जाएंगे। लिहाजा केवल ईंट जमाकर ऊपर शेड डाला गया था।

## रंजिश में युवक पर पिता-पुत्र सहित रिश्तेदार ने चाकू से किया हमला

कोलार थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर कॉलेज के पास पिता-पुत्र और दामाद ने मिलकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घटना गत 15 नवंबर की रात करीब दस बजे रात की है। पेट में दो जगह चाकू लगने से युवक को गंभीर चोट आई थी। उसे रिश्तेदार लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज कराने के बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अभिषेक मौर्य (24) मूलतः नर्मदापुरम का है। पूर्व में वह गैस एजेंसी में काम करता था। गैस एजेंसी में काम करने वाले पप्पू उर्फ प्रकाश से रंजिश थी। अभिषेक ने पुलिस को बताया कि गत दिनों वह काम से मामा दिलीप मौर्य के घर कोलार आया हुआ था। रविवार रात करीब दस बजे उसने खाना खाया और टहलने के लिए मानसरोवर डेंटल कॉलेज की तरफ पहुंचा। इसी बीच पप्पू उर्फ प्रकाश अपने बेटे सूजल और दामाद के साथ मानसरोवर डेंटल कॉलेज के पास मिल गया। तीनों ने पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज की। अभिषेक ने उन्हें गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर आरोपी भड़क गए और अभिषेक के साथ मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू अभिषेक को पेट में दो जगह लगा था। घटना की जानकारी मिलते ही अभिषेक के चाचा दिलीप पहुंचे और उसे लेकर हमीदिया अस्पताल ले गए थे।



संस्कार विद्यालय में वंदेमातरम कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

## वंदेमातरम शब्द हम भारतीयों के लिए एक मंत्र व साधना है: बसंत

### संस्कार विद्यालय में किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संस्कार विद्यालय में वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना के समय मुख्य अतिथि राहुल राजपूत, संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ के साथ किया था। हनुमान चालीसा का पाठ प्रत्येक मंगलवार को संस्कार विद्यालय में किया जाता है।

इस अवसर पर सर्वप्रथम संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एवं परिचय देते हुए कहा कि आज हम इस माह वंदेमातरम का 150वें वर्ष का महोत्सव मना रहे हैं। वंदेमातरम शब्द हम भारतीयों के लिए एक मंत्र है, मां भारती की साधना है।

### बैरागढ़ स्थित अयप्पा मंदिर में 41 दिवसीय तपस्या, व्रत और भजन कार्यक्रम शुरू

**संतनगर।** बैरागढ़ स्थित अयप्पा मंदिर सीटीओ बैरागढ़ में मंडलम पूजा के साथ 41 दिवसीय तपस्या, व्रत, एवं भजन कार्यक्रम शुरू हुआ। अयप्पा मन्दिर सीटीओ में 27 दिसंबर तक चलने वाला मंडल मास 41 दिनों का पवित्र काल है। भक्त उपवास, ध्यान और आध्यात्मिक अनुशासन के माध्यम से कठोर तपस्या (व्रतम) का पालन करते हैं। वे दिव्यता के निकट जाने के लिए विशेष प्रार्थना, जप और अपने तन-मन की शुद्धि पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उक्त प्रथम दिवस पर मन्दिर में आतिशबाजी भी की गई ।

स्कूल-कॉलेजों में किशोरी जागरुकता संवाद कार्यक्रम अयोजित

## एसआई मयूरी ने कहा- व्यक्तिगत जानकारी किसी भी सोशल मीडिया पर न करें साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

बालिकाओं ने पुलिस से की अपने दिल की बाते पुलिस ने कहा जरूरत पड़ने पर आप 112,1098,1090 पर शिकायत करें, बाल विवाह,बाल तस्करी, बाल यौनशोषण और बाल श्रम पर की चर्चा। जिला रायसेन पुलिस द्वारा प्रत्येक थाना स्तर पर स्कूल-कॉलेजों में किशोरी जागरुकता संवाद कार्यक्रम अयोजित कर बालिकाओं को सुरक्षित रहने का संदेश दे रही है। मंगलवार को शासकीय राजा भोज महाविद्यालय और शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में किशोरी जागरुकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



संवाद कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को जानकारी देते हुए।

दोनों स्थानों पर पुलिस ने 800 से अधिक किशोरी बालिकाओं से संवाद किया। इस दौरान बलिकाओं ने व्यक्तिगक्त और समाज में अपनी ही उम्र की बालिकाओं के साथ हुई घटनाओं पर समाधान की मांग की। एसआई मयूरी गौर ने कहा कि अपनी व्यक्तिगक्त जानकारी किसी भी सोशल मीडिया पर साझा न करें। आपके फोटो तो बिल्कुल न डालें। कुछ लोग फोटो का एआई से मिसयूज़ करते है। एएसआई अपाला सिंह ने कहा कि 13 से 19 की उम्र खतरनाक होती। इस उम्र के बच्चे स्वयं डिसीजन लेने में खुद को समर्थ मानते हैं। उन्हें लगता है की हम ही सही हैं, हमे सार्वजनिक नहीं बनना है। अपनी निजी जानकारी अपने पास रखे। टीन एज में यदि कोई अच्छा लगता है तो भी अपनी बातें साझा न करें। इनसे दूर रहें।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने करने वाला आरोपी दोषमुक्त

**भोपाल।** 19 वर्षीय युवती को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोपी राकेश अहिरवार को अपर सत्र न्यायाधीश आशुतोष शुक्ल ने प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी की ओर से आरएस अहिरवार अधिवक्ता द्वारा पैरवी की गई। मृतिका सोनम चौहान का आरोपी से प्रेम संबंध था। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ प्रेम संबंध बनाए रखा था। आरोपी की प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर सोनम चौहान ने 13 जनवरी 2020 को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मृतिका की मां की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच विवेचना के बाद जिला न्यायालय में आरोपी के खिलाफ अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था।

भव्य भजन संध्या में उमड़ा जनसैलाब जमकर झूमे श्रद्धालु

## खाटू श्याम के रंग में डूबा नगर दीं एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के सब्जी बाजार मेन रोड पर सोमवार की शाम को श्री राम श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में विशाल खाटू श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। शाम 7 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में भगवान श्याम के रंग में पूरा नगर डूब गया। सुप्रसिद्ध कलाकारों की मधुर भजन प्रस्तुति ने समां बांध दिया।

जयपुर से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक चेतन दधीच और इंदौर की भजन गायिका आरती माली ने अपनी मधुर आवाज से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों ने एक से बढ़कर एक खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुत दी,





अतिथियों का स्वागत करते समित के पदाधिकारी, इनसेट में भजनों की प्रस्तुति देतीं इंदौर की गायिका आरती माली।

जिस पर वहां मौजूद श्रद्धालु खूब झूमें। भजनों की प्रस्तुति से पूरा माहौल भक्तिमय बना गया था। कार्यक्रम श्री राम श्री हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विधायक देवेंद्र पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता जीतेन्द्र मिश्रा, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, व्यापार संघ के विक्रम दांडी, नीरज चावला, आशीष दीक्षित, संजय सिंह चौहान, महेश जैन, दुर्गेश यादव, कमलेश मोदी सहित अन्य लोग मौजूद थे। आखरी में श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश खटीक ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नगर पालिका ने अवैध बिल्डरों पर कसा शिकंजा

# चार फर्जी बिल्डरों के जमीन पर लगाए गए बोर्ड 'ये कॉलोनी अवैध है', खरीदने वाले लोग बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका मंडीदीप ने मंगलवार को नगर में अवैध बिल्डरों पर कार्रवाई करते हुए। कॉलोनी में शासकीय बोर्ड लगाया, जिसमें लिखा गया यह कॉलोनी पूर्ण रूप से अवैध है। नपा द्वारा लगभग चार कॉलोनी, जिसमें कृष्णा मार्केट, कृष्णा रेसीडेंसी, आदित्य बिहार समेत कई बिल्डरों के जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाया, जिससे कई अन्य बिल्डरों में हड़कंप मच गया। इस दौरान किसी ने राजनीतिक तो किसी ने प्रशासनिक जोर भी लगाया, लेकिन नपा सीएमओ स्वयं उपस्थित होकर चेतावनी बोर्ड लगवाया। नगर पालिका द्वारा इन पर कानूनी कार्रवाई भी जल्दी की जाएगी, जिसमें नगर की जनता इन फर्जी बिल्डरों के बहकावे में न आए और सही और पूरी जानकारी लेकर ही प्लॉट और मकान में अपना पैसा लगाएं।






नपा कर्मचारी अवैध कॉलोनी कृष्णा मार्केट में सूचना बोर्ड लगाते हुए। दूसरे चित्र चेतावनी बोर्ड।

### आज एक दर्जन कॉलोनाइजर पर होगी कार्रवाई

नपा के राजस्व विभाग द्वारा बुधवार को करीब एक दर्जन से अधिक अवैध कालोनाइजर पर कार्रवाई की जाएगी। इसमें, नित्यानंद एंक्लेव, श्री राम वाटिका, बालाजीपुरम, हेमा बिहार, रेखा बिहार, और अन्य जिनकी जानकारी नपा के पास है, चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा।

### किसानों पर भी होगी कार्रवाई

ज्यादातर देखा जा रहा है कि मंडीदीप में किसान अपनी जमीन महंगे दरों पर बिल्डर को ज्वाइंट वेंचर में बेंच देते है और किसान और बिल्डर कुछ प्रतिशत के पार्टनर हो जाते हैं, जिसमें जमीन की रजिस्ट्री किसान कराता है और पैसा बिल्डर लेता है। अब बिल्डर के साथ-साथ किसान भी आरोपी बनेंगे।

### लुट रहे मजदूर तबके के लोग

मंडीदीप में अवैध बिल्डरों द्वारा मजदूर तबके के लोगों को किस्तों में प्लॉट देने की बात कहकर फंसा रहे हैं और पैसे लेकर न तो जमीन देते हैं और न पैसा वापस करते हैं। लेनदार अपनी कमाई की पूंजी इन फर्जी बिल्डरों के हाथ सौंप देते हैं।

### जल्द बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज होगा

मंडीदीप में अवैध तरीके से काम करने वाले बिल्डरों पर मंगलवार को शिकंजा कसा गया, जिसमें चेतावनी बोर्ड लगा कर ग्राहकों को जमीन न खरीदने की हिदायत लिखी गई है। कार्रवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। जल्द ही अन्य बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप नगर पालिका।

## प्रेमचंद तेजवानी की पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित



वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद तेजवानी को श्रद्धांजलि देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमचंद तेजवानी की 40वीं पुण्य तिथि प्रेमचंद तेजवानी सभागार में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस मौके पर जहां उनके सुपुत्र एवं सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार किशोर तेजवानी ने स्व. प्रेमचंद तेजवानी की विश्रामघाट सहित अन्य संस्थाओं में दी गई।

एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने विश्रामघाट जिसका तत्कालीन महापौर एवं वर्तमान सांसद आलोक शर्मा द्वारा प्रदान की गई 7 करोड़ की राशि से कायाकल्प किया गया है, कुछ जरूरी काम जो रह गए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए 7 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इस मौके पर अशोक मारन, माधु चांदवानी, वासुदेव वाधवानी, राज मनवानी, मनोहर वीधानी, सुरेश जसवानी, महेश गुरबानी, तुलसी जोतवानी, घनश्याम लालवानी, भगवान तेजवानी, नंद दादलानी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा यह गंभीर मुद्दा

# देश में हर 8 मिनट में लापता हो रहा एक बच्चा, यह चिंतनीय

## अभी गोद लेने की प्रक्रिया कठोर... यह सरल होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक समाचार रिपोर्ट पर चिंता जहिर की है। इसमें दावा किया गया था कि देश में हर 8मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। न्यायालय ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मामले में कहा कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है और केंद्र से इस प्रणाली को सरल बनाने को कहा गया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक रूप से कहा कि मैंने यह अखबार में पढ़ा है है। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। लेकिन यह एक गंभीर मुद्दा है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं।

### केंद्र को दिया 9 दिसंबर तक का वक्त

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने 6 सप्ताह का समय मांगा। शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह का समय देने से इनकार कर दिया और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से 9 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने को कहा।



### पहले भी केंद्र सरकार को दिया गया था निर्देश

14 अक्टूबर को पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे। पीठ ने निर्देश दिया था कि जब भी पोर्टल पर किसी लापता बच्चे के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हो, तो जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ तुरंत साझा की जानी चाहिए।

### एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल बनाने का भी था निर्देश

शीर्ष अदालत ने पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। पीठ ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से एक समर्पित अधिकारी हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है।

### एनजीओ ने की थी शिकायत

एनजीओ गुरिया स्वयं सेवी संस्थान ने शीर्ष अदालत का रुख किया था और अपहरण या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था। याचिका में पिछले साल उत्तर प्रदेश में दर्ज 5 मामलों के साथ अपनी दलील को स्पष्ट किया गया था, जिनमें नाबालिग लड़कों और लड़कियों का अपहरण किया गया था और बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में उनकी तस्करी की गई थी।

एम्स की चेतावनी

## कड़े कदम उठाइए नहीं तो दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी के हालात होंगे

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों का कहना है कि दिल्ली में पलूशन ने हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। एम्स के पल्मोनरी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत मोहन ने कहा कि स्वस्थ लोग भी बीमार हो रहे हैं, इसलिए प्रदूषण कम करने के लिए कारगर कदम उठाने पड़ेंगे। जब तक सभी हेल्थ इमरजेंसी नहीं मानेंगे तब तक यह यह समस्या दूर नहीं होगी। डॉक्टरों ने कहा कि 2-3सप्ताह से सांस के मरीज 30-40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक व मानसिक बीमारी भी होती है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सेहत पर भी असर पड़ता है।



## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद ये दोनों की पहली औपचारिक मुलाकात है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।



### बीड में 31 बंधुआ मजदूरों को बचाया

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बंधुआ मजदूरी कर रहे 31 लोगों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए सभी लोग जलगांव जिले के रहने वाले हैं और जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इनसे बीड के मजलगांव तालुका में पिछले तीन महीनों से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी और धमकाया जा रहा था।




### भट्ट, पत्नी पर 30 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर विक्रम भट्ट का नाम इस समय विवादों में बना हुआ है।फिल्ममेकर, उनकी वाइफ श्वेतांबरी भट्ट और 8 अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने उदयपुर के डॉक्टर से करीब 30 करोड़ की ठगी की। अब भूपालपुरा पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फिल्मों में पैसा लगाने को कहा था।



### 2 बसें टकराईं, एक की मौत और 35 घायल

**लखीमपुर खीरी।** यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित ईसानगर थाना क्षेत्र के रंजीत नगर पुल पर शिमला जा रही मिनी बस की सामने से आ रही दूसरी बस से टक्कर हो गई, जिससे दोनों बसों में सवार करीब 35 यात्री घायल हो गए। एक नेपाली नागरिक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा।



## पीएम ने गुलामी की मानसिकता का जिक्र कर कांग्रेस पर किया हमला

# ऑडियंस में बैठे सुनते रहे थरूर, कुछ अंश साझा कर जमकर तारीफ भी की

थरूर बोले पीएम अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देंगे

### मोदी ने कहा-6 राजनीतिक दल सामाजिक न्याय पर केवल अपने हित साध रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान गुलामी की मानसिकता का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। रामनाथ गोयनका व्याख्यान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 6 राजनीतिक दल और नेता सामाजिक न्याय के नाम पर केवल अपने हित साधते हैं। कांग्रेस सरकारों ने 'अर्बन नक्सलियों' को शीर्ष पद दिए। 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' अब भी राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर रही है। इस कार्यक्रम की ऑडियंस में कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी के भाषण के कुछ अंश साझा करते हुए सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। हालांकि भाषा को लेकर उन्होंने इतना जरूर कहा कि उम्मीद है प्रधानमंत्री अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देते होंगे।



प्रधानमंत्री से मिलते कांग्रेस सांसद शशि थरूर। फाइल फोटो

### रचनात्मक विकास पर बल दिया

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुलामी की मानसिकता से निकलने और रचनात्मक विकास पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक मॉडल है। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में जिक्र किया कि लोग आरोप लगाते हैं कि वह हमेशा चुनाव के मूड में ही रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। लोगों की समस्याओं को लेकर मैं भावनात्मक मूड में रहता हूं।

### 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर

थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के लिए भारत की 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर दिया है और उन्होंने 'उपनिवेशवाद के बाद वाली मानसिकता' से बाहर निकलने का आह्वान किया है। साथ ही संस्कार पर भी ध्यान देने की बात कही है।

### भारत उभरता हुआ मॉडल

थरूर ने कहा कि पीएम ने जोर दिया कि भारत अब केवल एक 'उभरता हुआ बाज़ार' नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक 'उभरता हुआ मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन पर हर समय 'चुनावी मोड' में रहने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन वे समस्याओं के समाधान के लिए 'भावनात्मक मोड' में थे।

### पीएम ने अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने की बात कही

थरूर ने कहा कि इस भाषण का अहम हिस्सा यह था कि पीएम मोदी ने मैकॉले के 200 साल के थोपी गई गुलामी की मानसिकता से निकलने और 10 साल अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने में लगाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिया होगा कि रामनाथ गोयंका ने कैसे अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रवाद की आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण आर्थिक परिदृश्य, सांस्कृतिक आह्वान और अथक परिश्रम की प्रेरणा से ओतप्रोत था।

### भारत उम्मीद का मॉडल

पीएम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद हमारी जीडीपी लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। भारत न केवल एक उभरता हुआ बाजार है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल भी है। दुनिया भारत के विकास मॉडल को 'उम्मीद के मॉडल' के रूप में देख रही है।

आज का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए व्यग्र है, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों का कल्याण करने के लिए व्यक्ति को भावनात्मक होकर काम करना चाहिए, चुनाव को ध्यान में रखकर नहीं। हम चुनाव जीतते हैं क्योंकि हम विकास और कल्याण के लिए चौबीस घंटे प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने लंबे समय तक आयातित विचारों, वस्तुओं और आयातित सेवाओं को बढ़ावा दिया गया लेकिन हमने वह सब बदल दिया है।

नाराजगी या फिर कोई और रहा कारण

## 'एसआईआर' पर कांग्रेस की बैठक में ही नहीं पहुंचे थरूर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने वाली है, जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस के उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एआईसीसी महासचिव और प्रभारियों समेत वरिष्ठ नेता शामिल हुए, जहां चुनाव आयोग एसआईआर करने वाली है। कांग्रेस की इस अहम बैठक से पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद शशि थरूर गायब रहे। कांग्रेस के आला कमान की ओर से थरूर को भी इस महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। थरूर के कार्यालय ने बैठक से उनकी अनुपस्थिति के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया।

### रणनीति बनाने समीक्षा बैठक थी आहूत

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले एसआईआर पर व्यापक रणनीति बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, इंचार्जों, पीसीसी, सीएलपी और सचिवों के साथ मिलकर व्यापक रूप से समीक्षा की गई। वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र को खत्म कर रहा है. राज्यों के वोटर लिस्ट से कुछ सेक्शन का वोट जानबूझकर काटा जा रहा है, ये पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक है।



### 'सर' की शुद्धता के लिए कांग्रेस प्रतिबद्धः खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर इस बैठक को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची की शुद्धता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत इस बात का सबूत देना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है और उसे अपनी संवैधानिक शपथ और देश की जनता के प्रति अपनी निष्ठा याद है।



किसानों का इंतजार खत्म

## आज पीएम किसान 21वीं किस्त का पैसा जारी करेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त की तारीख तय हो गई है। लंबे समय से 21वीं किस्त के पैसों का इंतजार कर रहे देशभर के करोड़ों किसानों के लिए आखिरकार खुशखबरी आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर 2 बजे तमिलनाडु से देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,000 करोड़ ट्रांसफर करेंगे। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के ज़रिए हर पात्र किसान को 2,000 रुपए मिलेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि पीएम तमिलनाडु के कोयंबटूर में होने वाले एक कार्यक्रम में पीएम किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे। 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को 6,000 रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सरकार ने पहले ही 4 राज्यों पंजाब, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के खाते में 21वीं किस्त जारी कर दी है। किसानों को इसका इंतजार है।



ट्रायल रन रहा सफल

## 180 किमी के रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन ने दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह नई ट्रेन बीईएमएल द्वाराआईसीएफ टेक्नॉलाजी का इस्तेमाल करके विकसित की गई है।

इस नई सेमी-हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन से पूरे भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में बड़े बदलाव आने की उम्मीद है। परीक्षणों के दौरान आरडीएसओ ने तीन रेलवे जोन में 16-कोच वाले प्रोटोटाइप स्लीपर रेक-2 पर कई गति पर विस्तृत ऑसिलेशन ट्रायल और आपातकालीन ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण किए। इस रेलवे जोन में उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे शामिल है।अब ध्यान अगले चरणों पर केंद्रित है, जिसमें ट्रेन के आधिकारिक लॉन्च के लिए मंजूरी और तैयारी शामिल है। दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का परीक्षण पूरा होने के बाद,ट्रेन को परीक्षण के दौरान पहचाने गए आवश्यक सुधारों और समायोजनों के लिए बीईएमएल वापस भेजा जाएगा।



भाजपा ने किया किसी भी मतभेद होने की खबरों का खंडन

## कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए शिवसेना के मंत्रीगण, सिर्फ उपमुख्यमंत्री शिंदे बैठे रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति के अंदर कलह की खबरें हैं। महायुति सरकार के अधिकांश शिवसे के खेमे के मंत्री मंगलवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक से दूर रहे। मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में केवल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे। भाजपा ने गठबंधन में किसी भी तरह के मतभेद होने की खबरों का खंडन किया है। शिवसेना खेमे के मंत्री इसलिए दूर रहे ताकि वे भाजपा को संदेश दे सकें कि जैसा हो रहा है, वह स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोनों में रार बीएमसी चुनाव से पहले शुरू हुई है। डोंबिवली में कई शिवसैनिक हाल ही भाजपा में शामिल हो गए थेस जिसे लेकर शिवसेना में नाराजगी है।



बैठक में बोलते हुए सीएम फडणवीस

### शिवसेना को फडणवीस की दो टूक

इस पूरे प्रकरण को लेकर शिवसेना के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके कक्ष में मुलाकात की और डोंबिवली के घटनाक्रम पर अपनी नाराजगी जताई। इस पर फडणवीस ने कहा कि पड़ोसी उल्हासनगर में भाजपा सदस्यों को सबसे पहले शिवसेना ने ही अपने पाले में शामिल किया था। मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर शिवसेना नेताओं से कहा कि जब उनकी पार्टी अन्य सहयोगियों के सदस्यों को अपने पाले में लेती है, तो भाजपा द्वारा ऐसा करने पर उन्हें शिकायत नहीं करनी चाहिए।

सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया, सघन तलाशी ली

## दिल्ली के 4 कोर्ट और 2 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कई जिला अदालतों में मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था। बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की।

### साकेत कोर्ट में अलर्ट

सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे। सूचना में सभी सदस्यों से शांत रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अनावश्यक भीड़ या अफरा-तफरी न मचाने का अनुरोध किया गया था।




दिल्ली का पटियाला कोर्ट

रोहिणी के 'दर्द' ने एक बार फिर मचाया बिहार में बवाल

## एक बोतल रक्तदान में खून सूखा, संजय उपदेश दे रहे

### किडनी डोनेशन पर बोलीं- वे बेकार की हमदर्दी न जताएं

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। उन्होंने अपने पिता के किडनी डोनेशन को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब सोशल मीडिया पर दिया है। उन्होंने तेजस्वी यादव के करीबी राज्यसभा सांसद संजय यादव को लेकर भी कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने संजय यादव और उनसे जुड़े लोगों को चुनौती दी है कि एक बोतल रक्तदान में जिनका खून सूख जाता है, वह किडनी दान पर उपदेश दे रहे हैं। रोहिणी ने कहा कि जो लोग लालू जी के नाम पर कुछ करना चाहते हैं, उन्हें झूठी हमदर्दी जताने के बजाय हॉस्पिटल में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे उन लाखों-करोड़ों गरीब लोगों, जिन्हें किडनी की जरूरत है, उन्हें अपनी किडनी देने के लिए आगे आना चाहिए।



### कांग्रेस ने 43 नेताओं को नोटिस दिया

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है। चुनावी को दौरान इन नेताओं ने मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए थे, जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी नेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 21 नवंबर तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

### कांग्रेस के छह विधायक जेडीयू में शामिल होंगे

भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को मीडिया से संवाद के दौरान कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर कड़ा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 6 विधायक जल्द ही जदयू में शामिल हो सकते हैं और कांग्रेस संगठन उन्हें रोक पाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि उनको तो रोक लें गहलोत, अगर रोक सकते हैं।

### गहलोत अपनी राजनीति बिहार में आजमाएं

अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राजस्थान में जिस तरह वे 'विधायक बचाने' की राजनीति करते थे, अब वही उन्हें बिहार में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गहलोत यह स्वीकार कर लें कि कांग्रेस आज जिस स्थिति में पहुंची है, वह उसकी खुद की विफलताओं का परिणाम है।



# जर्मनी और नीदरलैंड की दमदार जीत, दोनों टीमों ने वर्ल्ड कप का टिकट किया पक्का

## जर्मनी ने 1954, 1974, 1990 और 2014 में जीता था फुटबाल विश्व कप

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी और नीदरलैंड ने बड़ी जीत दर्ज करके अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जगह बना ली है। जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर विश्व कप के लिए हमेशा क्वालीफाई करने का अपना गौरवपूर्ण रिकॉर्ड कायम रखा। चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम 23वें विश्व कप में 21वीं बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करेगी।

जर्मनी ने 1930 में खेले गए पहले विश्व कप में भाग नहीं दिया था जबकि 1950 में उसे विश्व कप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। जर्मनी का पुराना प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड भी अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाने में सफल रहा।




### नीदरलैंड अपराजित रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

नीदरलैंड की टीम ने लिथुआनिया पर 4-0 की जीत के साथ अपराजित रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाई किया और वह अपने ग्रुप में पोलैंड से आगे रही। स्लोवाकिया और पोलैंड के पास अभी विश्व कप में जगह बनाने का मौका है। इसके लिए उन्हें प्लेऑफ में खेलना होगा, जिसका ड्रॉ गुरुवार को होगा। जर्मनी और नीदरलैंड के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, क्रोएशिया और नॉर्वे यूरोप से विश्व कप में जगह बनाने वाली अन्य टीम हैं।

### स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा जर्मनी

स्लोवाकिया ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में जर्मनी को 2-0 से हरा दिया था। यह विश्व कप क्वालीफाइंग में जर्मनों की केवल तीसरी हार थी, लेकिन इसके बाद उसने लगातार पांच मैच जीते और इसका समापन लीपज़िग में स्लोवाकिया पर बड़ी जीत से किया। इस तरह से उसने शुरुआती मैच में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। जर्मनी को इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी और वह स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा। जर्मनी की टीम ने 1954, 1974, 1990 और 2014 विश्व कप जीता था। नीदरलैंड की टीम अभी तक विश्व कप नहीं जीत पाई है। वह 1974, 1978 और 2010 में उपविजेता रही थी।

## इंडोनेशिया में बढ़ाया तिरंगे का मान

# भारत से इंडोनेशिया तक वंदना ठाकुर की स्वर्णिम गर्जना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

इंदौर की बेटी वंदना ठाकुर ने इंडोनेशिया से गोल्ड लेकर लौटी हैं, सिर्फ मेडल नहीं, बल्कि एक संदेश लेकर कि भारत की बेटियां जब ठान लेती हैं, तो इतिहास का रुख भी बदल देती हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है वंदना नेञ दरअसल, 11 से 17 नवंबर, तक रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया के बाटम शहर रियाउ प्रांत में आयोजित 16वीं वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में वंदना ने वह कर दिखाया, जिसकी कल्पना मात्र भी साहस मांगती है। दुनिया भर के दिग्गज बॉडी बिल्डर्स के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, वंदना ने करोड़ों भारतीयों को गौरवान्वित कर दिया और अकेले ही पूरे राष्ट्र की उम्मीदों का भार अपने कंधों पर उठाकर उसे स्वर्णिम अंजाम तक पहुंचाया।

वंदना की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वे भारत की पहली महिला बॉडी बिल्डर बन गई हैं, जिन्होंने महिला बॉडी बिल्डिंग कैटेगरी में भारत के लिए गोल्ड जीतकर दुनिया भर में देश का नाम रोशन किया है। वंदना की इस उपलब्धि ने न सिर्फ भारत के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है, बल्कि करोड़ों महिलाओं को यह भरोसा भी दिया है कि सपनों के साथ चलने वाले कदम कभी व्यर्थ नहीं जाते। ऐसे में, वंदना आज सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि नई पीढ़ी की प्रेरणा, उम्मीद और साहस की प्रतीक बन चुकी हैं। सिल्वर और गोल्ड की कहानी से परे, असल में वंदना जैसी महिलाएँ ही भारत का गोल्ड है।

### महीनों पहले से ही देश के लिए गोल्ड लाने की तैयारी थी

जीत को लेकर भावुक वंदना ने कहा, जब मैं मंच पर गई, तो मेरे दिमाग में सिर्फ एक ही बात थी, तिरंगे के लिए जीतना। भारत का तिरंगा इस मंच पर लहराना है, यही मेरा लक्ष्य था और इसे सच करने के लिए जो भी करना पड़े, उसके लिए मैं तैयार थी। मैंने कई महीनों पहले से ही देश के लिए गोल्ड लाने की तैयारी कर दी थी। मैं हर महिला से, हर बालिका से यही कहना चाहती हूं कि कुछ भी हासिल करने की ललक यदि मन में हो, तो उसे पूरा करने की जिद पर अड़ जाओ, तुम्हें जीतने से कोई भी नहीं रोक सकता, खुद तुम भी नहीं। यह गोल्ड मैडल सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस महिला का है, जिसे कभी बताया गया था कि वह कुछ नहीं कर सकती, लेकिन फिर भी उसने कर दिखाया। मैं चाहती हूं कि यह मेडल भारत की हर एक बेटी के सपनों में सुनहरा रंग भरे और उन्हें सबसे आगे रहने की प्रेरणा दे।

## खबर संक्षेप



### बाबर आजम ने मारा स्टंप्स पर बल्ला आईसीसी ने ठोका जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम पर रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है, जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा।

### ढाका हवाई अड्डे पर घंटों फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

**कोलकाता।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के



कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे।

### लीजेंड्स विजन में खेलेंगी साइना और गाडे

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और डेनमार्क के दिग्गज पीटर गाडे 'द लीजेंड्स विजन लिगेसी टूर इंडिया' में आकर्षण का केंद्र होंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका



उद्देश्य सामुदायिक कार्यक्रमों, जूनियर खिलाड़ियों के साथ जुड़ने और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से खेल को बढ़ावा देना है। आठ वर्षों के बाद भारत में वापसी करने वाला लीगेसी टूर 23 और 24 नवंबर को नई दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कहा, 'मुझे द लीजेंड्स विजन को फिर से अपने देश में लाने की खुशी है। बैडमिंटन ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने वाले तरीके से कोर्ट पर वापसी करना हमेशा विशेष होता है।'

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का दूसरा मैच 22 को

# कोच गंभीर ने जुरेल और सुदर्शन से कराई अजीब प्रैक्टिस, एक पैड पहनकर स्पिनरों का किया सामना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में स्पिन गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने स्पिनरों के सामने एक पैड पहन कर लगभग तीन घंटे तक जमकर अभ्यास किया। यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था, जिसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने अपने दाहिने पांव के पैड को निकाल कर अभ्यास किया। बाएं हाथ के स्पिनरों और ऑफ स्पिनरों के सामने अपने अगले पैर में पैड के बिना बल्लेबाजी करने का मतलब था कि उन्हें पिंडली या किसी भी खुले हिस्से पर चोट लगने से बचने के बारे में विशेष रूप से सतर्क रहना पड़ता है।

यह बल्लेबाजी अभ्यास की पुरानी पद्धति है, जिसमें कोच इस बात पर जोर देते हैं कि बल्लेबाज गेंद को रोकने के लिए अपने फ्रंट पैड की बजाय अपने बल्ले का अधिक उपयोग करें। इस तरह के अभ्यास के पीछे एक और कारण यह है कि भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों में बैकफुट पर जाने की प्रवृत्ति है। इस तरह के अभ्यास से उन्हें स्पिनरों को आगे बढ़कर खेलने में मदद मिलती है।



### कोच गौतम की सुदर्शन पर कड़ी नजर

सुदर्शन की तरह जुरेल ने भी एक पैड निकाल कर अभ्यास किया। वह पहले टेस्ट मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे लेकिन अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रहे थे। टीम प्रबंधन उन्हें गुवाहाटी में भी इसी भूमिका में अंतिम एकादश में रख सकता है। वैकल्पिक सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सुदर्शन पर कड़ी नजर रखी, जो शुभमन गिल की जगह लेने के दावेदारों में से एक हैं। भारतीय कप्तान को गर्दन में ऐंठन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर बैठना पड़ सकता है। इन दोनों बल्लेबाजों में तेज गेंदबाजों के सामने भी अभ्यास किया लेकिन वह उनके सामने सहज नजर नहीं आए। आकाशदीप की गेंद कई बार उनके बल्ले का किनारा लेकर गई और यहां तक कि नेट गेंदबाजों ने भी उन्हें मूवमेंट से परेशान किया। गंभीर और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने ब्रेक के दौरान उनसे लंबी बातचीत की।

### दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले मैती ने कराई सुदर्शन, जडेजा को प्रैक्टिस

ईडन गार्डन्स में एक अप्रत्याशित गेंदबाज सुर्खियों में आया। दोनों हाथों से गेंदबाजी करने में सक्षम बंगाल के स्पिनर कौशिक मैती ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान दोनों भूमिकाओं को सहजता से निभाया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व कर चुके 26 वर्षीय मैती ने सहजता से अपनी शैली बदली और बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ स्पिनर और दाएं हाथ के बल्लेबाजों को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की। शीर्ष प्रथम डिवीजन क्लब कालीघाट के लिए खेलने वाले मैती ने कहा, 'यह भारतीय टीम के नेट पर गेंदबाजी का मेरा पहला अनुभव था। हालांकि मैंने ईडन गार्डन्स में मुकाबलों के दौरान विभिन्न फ्रेंचाइजी के आईपीएल नेट सत्र में गेंदबाजी की है। आज मैंने साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल को ऑफ स्पिन गेंदबाजी की।

# एनसीसीसी ने ऐस अकादमी को 8 विकेट से हराया



अभिराज खरे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार का मैच एनसीसीसी विरुद्ध ऐस अकादमी खेल गया।

ऐस अकादमी ने 34.5 ओवर में 133/10 रन बनाए। इसके सूर्य प्रताप सिंह ने 21, आदित्य सिंह ने 20 और आयुष सिंगरौली ने 18 रन बनाए। एनसीसीसी की ओर से अभिराज खरे ने 3 जबकि गौतम सिंह रघुवंशी व पवन निर्वाणी ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए। जवाब में एनसीसीसी ने अभिराज खरे के नाबाद 69* और सिद्धार्थ उपाध्याय के 37 रन और मोहित झाबा के नाबाद 17* रनों की मदद से 24.4 ओवरों मैं 134/2 विकेट पर बनाकर मैच को 8 विकेट से जीत लिया ।

मैच मैं दोहरे प्रदर्शन के लिए अभिराज खरे को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के पूर्व संयुक्त सचिव मोहन चतुर्वेदी, वरिष्ठ क्रिकेटर विशाल अय्यर और राकेश सिंह बिष्ट "बब्लू" ने प्रदान किया।

### प्रेसिडेंट इलेवन की टीम सेमी फाइनल में पहुंची



**भोपाल।** भोपाल डिवीज़न क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-22 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को फ़ेथ क्रिकेट क्लब मैदान पर प्रेसिडेंट इलेवन और भोपाल क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। प्रेसिडेंट इलेवन ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 312 रन बनाए, जिसमें तनिष्क यादव ने शानदार 137 रन की पारी खेली और मानवेंद्र सिंह ने 76 रन बनाए।

भोपाल अकादमी के सूरज बघेल ने 3 विकेट लिए । जवाब में भोपाल क्रिकेट अकादमी ने 24.5 ओवर में 75 रन ही बना सकी। प्रेसिडेंट इलेवन के शिवांश चतुर्वेदी ने 5,अदीब रहमान और नयन ने 2-2 विकेट लिए ।इस तरह प्रेसिडेंट इलेवन ने भोपाल क्रिकेट अकादमी को 237 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला संचुरियन क्रिकेट अकादमी से फेथ ग्राउंड पर होगा।

# 50 मीटर बैकस्ट्रोक तैराकी में सत्येंद्र ने जीता कांस्य पदक

**भोपाल।** पद्म श्री सम्मानित और अंतरराष्ट्रीय पैरा स्विमर सत्येंद्र सिंह लोहिया ने एक बार फिर मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए 25वीं राष्ट्रीय पैरालंपिक स्विमिंग चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया है। यह प्रतियोगिता हैदराबाद में 16 नवंबर से 18 नवंबर तक आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में देश भर से 1000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोमवार कोआयोजित 50 मीटर



बैकस्ट्रोक तैराकी प्रतियोगिता में सत्येंद्र सिंह लोहिया ने बेहतरीन कौशल और दृढ़ संकल्प दिखाते हुए कांस्य पदक जीतकर अपने प्रदेश का नाम रोशन किया।

गौरतलब है कि सत्येंद्र सिंह लोहिया पहले भी कई अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियां हासिल कर चुके हैं, जिनमें इंग्लिश चैनल, नॉर्थ चैनल, कैटालिना चैनल सहित कई ओपन वॉटर तैराकी अभियानों में ऐतिहासिक सफलताएं शामिल हैं। वे मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ पैरा तैराकों में गिने जाते हैं और युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अपनी इस सफलता का पूरा श्रेय उन्होंने अपने गुरु डॉ. बीके डबास एवं सुरेश सिंह भदोरिया इंडेक्स ग्रुप इंदौर को दिया है, जिन्होंने उन्हें सदैव मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रेरणा प्रदान की। सत्येंद्र सिंह लोहिया मूलतः ग्वालियर के रहने वाले हैं और वर्तमान में इंदौर में निवास करते हैं।

## संस्थापक स्व. आरआर सक्सेना को श्रद्धांजलि के साथ शुरुआत

# राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राधारमण समूह के दिवंगत चेयरमैन आर. आर. सक्सेना को श्रद्धांजलि अर्पित कर मंगलवार से आरजीपीवी द्वारा आयोजित आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 की शुरुआत आरजीआई क्रिकेट ग्राउंड, भोपाल में हुई।

टूर्नामेंट का उद्घाटन राधारमण ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशंस के अध्यक्ष इंजीनियर संजीव सक्सेना ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर



किया। आज खेले गए पहले मैच में टी.आई.टी ने शशिब को रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए शशिब टीम ने 8 विकेट खोकर 119 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टी.आई.टी टीम ने 9 विकेट खोकर 120 रन बनाए और मैच अपने नाम किया। पहले दिन के दूसरे मुकाबले में मित्तल ने पटेल टीम को 34 रनों से हराया। मित्तल ने 8 विकेट पर 153 रन बनाए। जवाब में पटेल टीम 9 विकेट खोकर 119 रन ही बना सकी। मित्तल के श्याम को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह प्रतियोगिता 18 से 28 नवंबर तक चलेगी और इसमें प्रदेश के विभिन्न तकनीकी शिक्षण संस्थानों की कुल 19 टीमें भाग ले रही हैं।

## 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला

# एशेज: ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता 100 साल पुरानी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

बहुत कम खेल प्रतियोगिताएं एशेज जैसा इतिहास, नाटकीयता और आभा लिए होती हैं, जिसकी शुरुआत 1882 में एक समाचार पत्र में प्रकाशित शोक संदेश से हुई थी, जो बाद में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का प्रतीक बन गई।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज को लेकर चली आ रही यह प्रतिद्वंद्विता 100 साल से भी पुरानी है, जिसका नया अध्याय 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से लिखा जाएगा। एशेज श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय खेलों की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल हैं।



### एशेज और कलश में अटूट संबंध

इंग्लैंड के कप्तान इवो ब्लाई ने उसी साल बाद में एशेज वापस लाने की शपथ लेकर अपनी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। इंग्लैंड की जीत के बाद एक प्रशंसक ने ब्लाई को एशेज के प्रतीक के रूप में एक छोटा सा टेराकोटा कलश भेंट किया और इस तरह एशेज और कलश का अटूट संबंध हो गया। उसी दिन ब्लाई की मुलाक़ात अपनी भावी पत्नी से हुई। यह दंपत्ति इस कलश को अपने साथ इंग्लैंड ले गया तथा ब्लाई के निधन तक यह उनके परिवार के पास ही रहा और बाद में इसे एमसीसी को सौंप दिया गया।

### 1882 में हुआ था 'एशेज' शब्द का पहली बार इस्तेमाल

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। खेल के नियमों के संरक्षक मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अनुसार अगस्त1882 में द स्पोर्टिंग टाइम्स में छपे एक व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि लेख में हुआ था, जब इंग्लैंड की टीम पहली बार घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। इस शोक संदेश में कहा गया था कि इंग्लिश क्रिकेट का अंतिम संस्कार किया जाएगा और एशेज यानी राख को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जाएगा।

### इस दिन होंगे टेस्ट मैच

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुक्रवार से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा में चार दिसंबर से शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट मैच होगा। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में 17 से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड अपने पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी 26 दिसंबर से करेगा और पांचवां टेस्ट सिडनी में चार जनवरी से शुरू होगा।

### त्रिपुरा के खिलाफ पारी से जीता रेलवे, राज चौधरी ने चटकाए 9 विकेट

**वलसाड।** रेलवे ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के एलीट ग्रुप-सी मुकाबले में त्रिपुरा के खिलाफ पारी और 117 रन से जीत दर्ज की। राज चौधरी इस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने मुकाबले में कुल 9 विकेट अपने



नाम किए। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वलसाड स्थित सरदार वल्लभाई पटेल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में त्रिपुरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 136 रन पर सिमट गई। इस पारी में बाबुल डे ने 42 रन, जबकि विजय शंकर ने नाबाद 44 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से राज चौधरी ने 9 ओवरों में 30 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कुणाल यादव और आदर्श सिंह ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में रेलवे ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट खोकर 446 रन बनाए। इस पारी में मोहम्मद सैफ ने 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 158 रन बनाए, जबकि भार्गव मेराई ने 26 चौकों के साथ 160 रन जुटाए। इनके अलावा, कुश मराठे ने 78 रन टीम के खाते में जोड़े। त्रिपुरा की तरफ से अभिजीत सरकार ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले।

# 52 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए 240 मॉडल

अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन पर लगाए स्टॉल

◆ मैनिट, आईसेक्ट और आईआईएसईआर के वैज्ञानिकों से संवाद सत्र भी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, में मंगलवार से शुरू हुई 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 में 31 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 विद्यार्थी और शिक्षकों द्वारा समाजिक समस्याओं का सामाधान बताते 240 साइंस मॉडल एवं इनोवेटिव प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए हैं। साथ ही बाल वैज्ञानिकों के इस महाकुंभ में मैनिट, आईसेक्ट और आईआईएसईआर के वैज्ञानिकों से संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रदर्शनी का उद्घाटन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक प्रोफेसर दिनेश प्रसाद सकलानी की उपस्थिति में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान,परिसर में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा किया गया। एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. सकलानी ने बताया कि प्रदर्शनी में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 240 मॉडल की प्रदर्शनी प्रदर्शित गई।

प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों की स्वाभाविक जिज्ञासा एवं रचनात्मकता के लिए एक मंच प्रदान करते हुए उनकी समालोच नात्मक सोच को विकसित करना है। देश के विभिन्न राज्यों के 230 विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी में खाद्य-स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक खेती, आपदा प्रबंधन, गणितीय मॉडलिंग और कंप्यूटेशनल थिंकिंग, अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन प्रबंधन पर स्टॉल लगाए हैं।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

## देशभर के जिलों से आए बाल वैज्ञानिक

निदेशक एनसीईआरटी प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव सदैव एनसीईआरटी को प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। वे कला एवं विज्ञान के प्रति पारखी दृष्टिकोण रखते हैं। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एक अनूठी प्रदर्शनी है, जिसमें देशभर के जिलों से बाल वैज्ञानिकों के प्रोजेक्ट और मॉडल चुनकर लाए गए हैं। बच्चों को अपनी रचनात्मकता के लिए मंच उपलब्ध कराना प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है। राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का मुख्य विषय सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी है। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, विधायक भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष रवींद्र यति, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल सहित बड़ी संख्या में विषय-विशेषज्ञ, शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सौर स्मार्ट हेलमेट से रुकेंगे हादसे


दुर्ग के पवन गरजे, गाइड टीचर वी सोम शेखर मॉडल के साथ।

दुर्ग के पवन गरजे के साथ उनके गाइड टीचर वी सोम शेखर ने सौर स्मार्ट हेलमेट बनाया है, जो दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है साथ ही दुर्घटना स्थान की जानकारी साझा करना और दुर्घटना होने पर, यह तुरंत दुर्घटना के लाइव स्थान लोकेशन की जानकारी देता है। मोबाइल में पंजीकृत रिश्तेदारों के नंबरों से पुलिस स्टेशन, और स्वास्थ्य आपातकालीन नंबरों पर साझा करता है। सात आठ सेकेंड आंखे बंद होने पर गाड़ी अपने आप बंद हो जाएगी।

## शेखर का फायर सिस्टम देगा जल्दी सूचना


शेखर मिश्र, गाइड टीचर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा अपने मॉडल दिखाते हुए।

श्री गांधी स्मारक इंटर स्कूल के कक्षा 12 के छात्र शेखर मिश्र ने अपने गाइड टीचर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के साथ मिलकर एक फायर सिस्टम बनाया है, जो अस्पताल या पार्किंग के लिए एक ऐसी डिवाइस है, जो फायर स्टेशन के बिना सूचित किए जाने पर भी फायर ब्रिगेड को सूचना मिलेगी। किस स्थान पर आग लगी है, जिससे अग्निशामक विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा सकें। साथ ही स्मार्ट फिश फीडर एक ऐसा स्मार्ट फिश फीडर है जो मछली को ऑटोमेटिक खाना दे सके जैसे कि लोग कई बार मछली को खाना डाला भूल जाते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है इस समस्या को देखते हुए हमने यह फिश फीडर बनाया है।


अपने ट्रैक्टर का मॉडल प्रदर्शित करता हुआ छात्र।

## आईसीटी लैब की बढ़ाई जा रही संख्या

स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक और नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। प्रदेश के स्कूलों में आईसीटी लैब की संख्या बढ़ाई जा रही है। जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कार्यक्रम में सहभागी बाल वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं।

## नीतिश-सौरभ ने बताया नदी कैसे साफ हो

छत्तीसगढ़ के दो विद्यार्थी नीतिश साहू और सौरभ चंदेकर हायर सेकेंड्री स्कूल भिलाई ने वेस्ट सेंटबल एनर्जी रिवर क्लीनर सोलर सोलर सिस्टम बनाया, जिसमें नदी को साफ करने की तकनीक विकसित की है। नदी के शैवाल, प्लास्टिक, कचरा आदा को साफ़ करेगा। ये सोलर एनर्जी से चलेगा। जो आने वाले दिनों में नदी का प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद करेगा।


नदी साफ करने की तकनीक बताते नीतिश और सौरभ।

यूं ही हर बात पर हंसने का बहाना आए...

# रवींद्र भवन में ग़ज़लों से महकी शामः श्रीवास्तव ने सुनाए मशहूर शायरों के कलाम, लोगों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काश दुनिया की भी फ़ितरत हो मेरी मां जैसी इन पंक्तियों के साथ शुरू हुई ग़ज़लों की महफ़िल ने मंगलवार की शाम रवींद्र भवन को सुर-सुगंध से भर दिया। अवसर था स्वर शाला म्यूजिक क्लब द्वारा आयोजित मेलोडी का ग़ज़ल कार्यक्रम का, जिसमें देश के जाने-माने ग़जल गायक, संगीतकार और संगीत शिक्षक अनूप श्रीवास्तव ने अपनी मधुर और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीवास्तव ने निदा फ़ाज़ली, जानिसार अख्तर, अजय साहब, शमीम जयपुरी, राहत इंदौरी और डॉ. बशीर बद्र जैसे प्रसिद्ध शायरों की ग़ज़लों को अपनी मौलिक धुनों और अंदाज़ में पेश किया। मेहदी हसन और जगजीत सिंह की ग़ज़लें भी सुनाई दी।


ग़जल गायक अनूप श्रीवास्तव गजल सुनाते हुए।

**श्रोताओं को सबसे अधिक भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुति रही:** अजय साहब की लिखी और श्रीवास्तव द्वारा रिकॉर्ड की गई ग़ज़ल यूं ही हर बात पर हंसने का बहाना आए। मां-पिता को समर्पित इस ग़ज़ल के दौरान पूरा सभागार भावुक हो उठा और कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं।

### श्रोताओं के साथ किया संवाद फरमाइश पर सुनाया गीत

श्रोताओं के साथ संवाद करते हुए श्रीवास्तव ने शास्त्रीय संगीत की महत्ता और उसके सुगम संगीत में उपयोग के उदाहरण साझा किए। उन्होंने रागों पर आधारित अमर रचनाओं-जैसे मधुबन में राधिका नाचे रेकुहू कुहू बोले कोयलिया रंजिश ही सही मोहब्बत करने वाले काम न होंगे का उल्लेख करते हुए बताया कि शास्त्रीयता संगीत को सदाबहार बना देती है। फरमाइश लोकप्रिय गीत श्रोताओं ने खूब सराहा।

नई दिल्ली स्थित एमपी भवन में हुआ कार्यक्रम

# डॉ. स्वाति संजय पिल्लै को प्राइड ऑफ नेशन अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कथक नृत्यांगना एवं नवध कथकालय की संस्थापक डॉ. स्वाति संजय पिल्लै को सामाजिक और कला के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्राइड ऑफ़ नेशन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली स्थित एमपी भवन में आरएनएसएस संघ ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में प्रदान किया। आयोजन में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री और सांसद डॉ. लता वानखेड़े मौजूद थीं।


कथक नृत्यांगना एवं नवध कथकालय की संस्थापक डॉ. स्वाति संजय पिल्लै सम्मान प्राप्त करते हुए।

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव में प्रस्तुति देने वाले 30 युवा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री के समक्ष देंगे प्रस्तुति

**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि शक्तिशाली राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वैभवशाली राष्ट्र बनाने में युवाओं का योगदान जरूरी है। युवाओं से आह्वान किया कि प्रदेश के निर्माण, समाज कल्याण और राष्ट्र को अग्रसर बनाने में अपना सर्वस्व लगाएं।

Siddharth Excellence Academy
Sehore (MP) - 466001
REQUIREMENT
*PGT *TGT * PGT *Vice Principal *Principal *Special Educator *Wellness Teacher *Supervisor *Librarian *Counselor *Lab Assistant *Clerical Staff *Nurse
School management proposed to start New Sainik School under PPP mode at the premises. The following various post are lying vacant. The interested and eligible candidate may apply along with testimonials to vcsssutms2013@gmail.com on or before 15-12-2025, higher pay and other perks will be offered to deserving candidates.
Principal
Mobile No. +91-7974805511

# स्मरण आर्ट कैंप ध्रुपद संस्थान में कला और स्मृति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ध्रुपद संस्थान, सुरजनगर में 18 से 20 नवम्बर तक स्मरण आर्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प रमाकांत आर्ट गैलरी रागा और मैत्री आर्ट गैलरी के रंजीत अरोड़ा के सहयोग से आयोजित किया गया, जो दोनों संस्थाओं की कला और कलाकारों को निरंतर प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह पूरा आयोजन स्व. पं. रमाकांत गुंदेचा की स्मृति को समर्पित है। कैम्प का उद्घाटन वरिष्ठ चित्रकार डॉ. एस. डी. शुक्ला ने किया। उद्घाटन के बाद तीन दिनों तक ध्रुपद संस्थान का शांत परिसर कलाकारों के लिए रचनात्मक ऊर्जा से भरा कार्यस्थल बन गया।


अपनी कला को चित्रों पर उकेरते चित्रकार।

### 11 कालाकारों ने भाग लिया

इस वर्ष कुल 11 कलाकारों ने भाग लिया। इनमें मनीषा जैन, वीणा जैन, कुसुम शर्मा, नितेश पंचाल, सोनल गुप्ता, एकता शर्मा, बंधना कुमारी, प्रीति जैन, स्मिता भंडारी, छाया दुबे और उदय गोस्वामी हैं। इन कलाकारों ने अलग-अलग शैलियों, रंग-समझ और विषयों के साथ इस कैम्प को विविधता से भर दिया। तीन दिन में जो भी चित्र तैयार होगें उनको 23 नवम्बर को स्मरण फेस्टिवल में रमाकांत आर्ट गैलरी रागा में प्रदर्शित किया जाएगा।

राजधानी के समाचार

स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के बारे में बताया

# जूडा अध्यक्ष डॉ. गुप्ता ने स्वास्थ्य जागरुकता पर किया रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के डॉ. कुलदीप गुप्ता ने प्रोफेसर डॉ. जीवन सिंह मीणा के मागदर्शन में ग्रामीण और शहरी नागरिकों के स्वास्थ्य अंतर पर अनुसंधान (रिसर्च) किया है।


डॉ. कुलदीप गुप्ता

बतादें कि डॉ. कुलदीप जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष है। डॉ. गुप्ता ने अपनी रिसर्च में जीएमसी और हमीदिय अस्पताल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के निवासियों के बीच हेल्थ चेतना का अंतर निकाला है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के बारे में जागरूकता कवरेज उपयोगिता और प्रभाव क्या है। इस शीर्षक पर संपूर्ण काम किया गया। रिसर्च में देखा गया कि सरकार ने प्रति परिवार हर वर्ष पांच लाख प्रदान करने के लिए आयुष्मान योजना शुरू किया।

79 साल के हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ

# भोपाल में पहली बार नकुलनाथ जन्म दिन पर दिखे साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के 79वें जन्मदिन के मौके पर भोपाल में उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता और कई विधायक बधाई देने पहुंचे। 2018 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से कमलनाथ हर बार भोपाल में अपना जन्मदिन मनाते आए हैं।

आज 79वें जन्मदिन के मौके पर पहली बार उनके बेटे नकुलनाथ पहली बार साथ नजर आए। कांग्रेस नेताओं ने कमलनाथ के साथ ही नकुलनाथ से भी मुलाकात की। धक्का-मुक्की में एक बुजुर्ग कमलनाथ की कार के बगल में गिरे तो सुरक्षाकर्मियों ने संभाला और पूर्व सीएम से मिलवाया। भोपाल के श्यामला हिल्स पर स्थित पूर्व सीएम के आवास पर सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं से मेल-मुलाकात की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग गुलदस्ते, केक और मिठाई लेकर पहुंचे। कमलनाथ 11:30 बजे जैसे ही यहां से रवाना होने लगे तो घर के अंदर से सड़क तक आधा किलोमीटर लंबी लाइन लग गई।

मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर किया काबू, जनहानि नहीं

# रुई के गोदाम में लगी आग, इलाके में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के अस्सी फीट रोड पर स्थित एक रुई के गोदाम में सोमवार को शाम करीब पांच बजे आग लग गई। अचानक धुएं का गुबार आसमान में उठता देख लोगों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकलों ने आग पर काबू पाया। गोदाम में बडी मात्रा में रुई और गददे रखे थे जो जलकर पूरी तरह से खाक हो गए। पानी प्लास्टिक की टंकी पिघल गई, जबकि अन्य प्लास्टिक का सामान भी जल गया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। अस्सी फीट रोड पर रुई का गोदाम है।


रुई के गोदाम में लगी आग को बुझाने पहुंचा फायर ब्रिगेड का अमला।

### तीन दमकलों ने आग पर पाया काबू

गोदाम में बडी मात्रा में रुई और गद्दे रखे हुए थे। धुआं उठता देख बडी संख्या में लोग रोड पर आ गए। नगर निगम में फायर ऑफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि सूचना पर मौके पर तीन दमकलें पहुंचीं और आग पर पूरी तरह से काबू पाया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930